Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 13, अंक 252 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये | दुर्ग, बुधवार 03 जुलाई 2024 | www.samaydarshan.in

## सार समाचार

### हिंदी पट्टी के लिए भारी बहुमत नहीं जुटा पाएगी भाजपा- थरूर

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भाजपा 2026 के बाद होने वाली परिसीमन कवायद में हिंदी पट्टी के लिए भारी बहुमत नहीं जुटा पाएगी, क्योंकि उसे लोकसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। यह बात कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने लेखक राधा कुमार की किताब 'द रिपब्लिकन रिलर्न: रिन्यूइंग इंडियन डेमोक्रेसी' के विमोचन के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया के दौरान बहुत सारी चिंताएं हैं, जिसमें संघवाद से लेकर राज्यों के भीतर संतुलन बनाए रखना शामिल है।

थरूर ने कहा, यह (परिसीमन) एक ऐसा विषय है जिसमें सत्ता में बैठे लोग निश्चित रूप से एक बड़ी गड़बड़ी कर सकते हैं, अगर वे अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के बारे में सोचते हैं। लेकिन अब उत्तर प्रदेश ने उन्हें सबक सिखाया कि हिंदी पट्टी उन्हें झटका दे सकती है, तो वे (भाजपा) अपने लिए हिंदी पट्टी में भारी बहुमत जुटाने के बारे में उत्साहित नहीं होंगे।

परिसीमन का मतलब लोकसभा और विधानसभा के लिए प्रत्येक राज्य में सीटों की संख्या और निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को तय करने की प्रक्रिया है। भाजपा ने हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में यूपी की 80 लोकसभा सीटों में से केवल 33 सीट पर ही जीत हासिल की।

लाशों को ओढ़ाने के लिए नहीं मिल रही थी चादर

# हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के बाद भगदड़
# 122 लोगों की मौत, 150 से अधिक घायल







**हाथरस (एजेंसी)।** यूपी के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के बाद भगदड़ मच गई। इसमें 122 लोगों की मौत हो गई। 150 से अधिक घायल हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा हाथरस जिले से 47 किमी दूर फुलरई गांव में मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ।

हादसे के बाद हालात भयावह हैं। लाशों और घायलों को बस और टैंपो में सिकंदराऊ सीएचसी और एटा जिला अस्पताल भेजा गया।सीएचसी के बाहर शव जमीन पर इधर-उधर बिखरे पड़े थे। डॉक्टरों से पूछा तो वह मौत का आंकड़ा नहीं बता पाए। लेकिन वहां गिना गया तो 95 शव मिले।

एटा के सीएमओ उमेश त्रिपाठी ने बताया- हाथरस से अब तक 27 शव लाए गए। यानी, कुल 122 लोगों की मौत अब तक हो चुकी है। लाशों के बीच लोग अपनों की तलाश कर रहे हैं। बदइंतजामी इस कदर है कि लाशों को ओढ़ाने के लिए चादर तक नहीं मिल रही है। जमीन पर लेटे घायल तड़प रहे हैं, लेकिन उनका इलाज करने वाला कोई नहीं था।

### प्रशासन ने दी थी कार्यक्रम की अनुमति

सीएम योगी ने मुख्य सचिव मनोज सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया। 2 मंत्रियों को भी मौके पर भेजा गया है। घटना की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनाई है। डीएम ने बताया कि एसडीएम ने कार्यक्रम की अनुमति दी थी। सीएम योगी कल हाथरस जाएंगे।

एक साथ इतनी संख्या में घायल पहुंचे कि अस्पताल के बाहर लोगों को जमीन पर ही लिटाकर इलाज शुरू किया गया।

**भगदड़ कैसे मची:** हादसे की 3 वजह सामने आ रही है। पहली- सत्संग खत्म होने के बाद अचानक से भीड़ बाहर निकलने लगी। भीड़ ज्यादा थी ऐसे में धक्का-मुक्की हुई। इससे भगदड़ मच गई। ज्यादातर मौत दम घुटने की वजह से हुई।

दूसरा- सत्संग खत्म होने के बाद भोले बाबा का काफिला निकला। सुरक्षा गार्डों ने भीड़ को रोक दिया। काफिला निकलने के बाद भीड़ को अचानक से छोड़ दिया। इससे भगदड़ मच गई। तीसरा- बाबा के निकलने के बाद उनके चरणों की धूल लेने के लिए भगदड़ मची।

### पीएम मोदी ने हादसे पर कहा- केंद्र लगातार राज्य सरकार के संपर्क में

पीएम मोदी ने हादसे पर कहा है कि यूपी के हाथरस में जो भगदड़ हुई, उसमें अनेकों लोगों की मृत्यु की खबर आ रही है। जिन लोगों की जान गई है, मैं उन लोगों के लिए संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सभी लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। केंद्र लगातार राज्य सरकार के संपर्क में है। मैं भरोसा देता हूं कि पीड़ितों की हर तरह से मदद की जाएगी।

### हादसा दुर्भाग्यपूर्ण, लेकिन हम कुछ सीखते नहीं-मनोज झा

हाथरस हादसे पर राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा- यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन हम कुछ सीखते नहीं है। भीड़ एकत्रित कर लेना सबसे आसान होता है, लेकिन भीड़ के प्रबंधन के अभाव में आज क्या हुआ? आप अपनी व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं करेंगे। यह संवेदनशीलता अगर नहीं होगी तो इसी तरह के परिणाम होंगे। हम इसे सम्पूर्ण विफलता मानते हैं कि भीड़ के प्रबंधन के लिए हमारी सरकारों को जो करना चाहिए वो नहीं करती।

### सरकार लोगों की सुरक्षा नहीं कर पाई-ओवैसी

सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा- हाथरस में जो हुआ वो बहुत दुखद है। यह हादसा क्यों हुआ, कैसे हुआ और क्यों वहां की सरकार सुरक्षा नहीं कर पाई। बड़े अफसोस की बात है। उम्मीद करते हैं कि जो घायल हैं उन्हें राहत पहुंचाई जाएगी और बाद में इसकी जांच की जाएगी।

### प्रशासन की विफलता की वजह से हुआ हादसा-डिंपल

डिंपल यादव ने कहा-ये पूरी तरह से शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी थी कि यदि इतने बड़े स्तर पर कोई आयोजन हो रहा है तो सभी सुविधाएं पहुंचाई जाएं। लेकिन ये लोग कहीं न कहीं विफल रहे हैं और हर क्षेत्र में ये लोग विफल हो रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा- सरकार आखिरकार क्या कर रही थी? सरकार की जानकारी में होने के बावजूद इतनी बड़ी घटना होना बहुत दुखद है। उनकी सुरक्षा और व्यवस्था के लिए सरकार ने क्या किया ये सबसे बड़ा प्रश्न बनता है...

### हजारों की भीड़...लेकिन व्यवस्था नहीं

भोले बाबा का असली नाम नारायण हरि है। वह एटा के रहने वाले हैं। करीब 25 साल से नारायण हरि सत्संग कर रहे हैं। पश्चिमी यूपी के अलावा राजस्थान, हरियाणा में भी इनके अनुयायी हैं। मंगलवार को करीब 50 हजार लोग पहुंचे थे। व्यवस्था बिल्कुल नहीं थी, इस वजह से यह हादसा हुआ। एक साथ इतनी संख्या में घायल पहुंचे कि अस्पताल के बाहर लोगों को जमीन पर ही लिटाकर इलाज शुरू किया गया।

### लाशों के ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को आया हार्ट, मौत

उत्तर प्रदेश के एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को हार्ट अटैक आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। वह क्यीआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। उसे हार्ट अटैक आ गया। सिपाही मूल रूप से अलीगढ़ जिले के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर का रहने वाला था।

### हेलिकॉप्टर से था बाबा पर फूल बरसाने का प्लान

किसी धार्मिक कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में जुटने के बावजूद पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम न किए जाने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। 2022 में अलीगढ़ में रामघाट रोड पर विशाल मैदान में हुए साकार हरि के सत्संग के दौरान उनके आयोजकों की कार्य प्रणाली जानने का मौका मिला था।

साकार हरि की अपनी फौज है। हल्के गुलाबी रंग के पैंट-शर्ट, पुलिस बेल्ट, हाथ में लाठी और सीटी लेकर हजारों की संख्या में इनके स्वयंसेवक कार्यक्रम स्थल और सड़कों पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रहते हैं। एक नजर में देखने पर यह होमगार्ड जैसा कोई अनुशासित बल दिखाई देता है। बड़ी संख्या में महिला स्वयंसेवक भी तैनात रहती हैं। इनकी भी वर्दी होती है। बाबा की यह लंबी-चौड़ी फौज ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर, पानी और दूसरे इंतजाम देखती है। कार्यक्रम स्थलों पर बाबा की फौज का यह गणवेश आप कई काउंटरों से बिकते देख सकते हैं। कहा जाता है इसे खरीदने की अनुमति उन्हीं लोगों की होती है जिसे बाबा चाहते हैं। कई बार यह स्वयंसेवक आम आदमी को कार्यक्रम स्थल के पास से गुजरने से रोक भी देते हैं। प्रशासन भी इन स्वयंसेवकों के भरोसे शायद उतना ध्यान नहीं देता जितना उसे देना चाहिए। शायद प्रशासन की उपेक्षा और बाबा के स्वयंसेवकों पर जरूरत से ज्यादा भरोसे ने हाथरस जैसे बड़े हादसे को जन्म दिया है। हादसे से हाथरस से लेकर लखनऊ और दिल्ली तक हड़कंप मचा हुआ है।

## सेबी से नोटिस मिलने के बाद हिंडनबर्ग ने अदाणी प्रकरण में खींचा कोटक बैंक का नाम

HINDENBURG RESEARCH

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** हिंडनबर्ग रिसर्च, एक अमेरिकी शॉर्ट सेलर, जिसने अदाणी समूह पर शेयर बाजार में हेरफेर और लेखा धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, एक बार फिर चर्चा में है। फर्म ने मंगलवार को बताया कि उसे 27 जून को सेबी से एक ईमेल मिला। हिंडनबर्ग ने बताया कि उसके बाद अदाणी समूह के शेयरों में शॉर्ट सेलिंग का दांव लगाकर भारतीय नियमों का उल्लंघन करने के आरोपों पर उसे भारतीय नियामक की ओर से कारण बताओ नोटिस भेजा गया। न्यूयॉर्क की कंपनी हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस को 'बकवास' बताते हुए कहा कि यह उन लोगों को चुप कराने और डराने का प्रयास है जिन्होंने भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों की ओर से किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का पर्दाफाश करने की कोशिश की।

हिंडनबर्ग ने कहा कि उसने खुद ही खुलासा किया था कि उसने अदाणी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग की थी जिसका अर्थ है कि उसने अपने मूल्य में गिरावट की उम्मीद में शेयरों का सौदा किया था। हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए इस प्रकरण में कोटक महिंद्रा बैंक का भी नाम घसीटा है। उसके बारे में हम आगे चर्चा करेंगे। पहले बताते हैं कि हिंडनबर्ग ने सेबी के कारण बताओ नोटिस पर क्या प्रतिक्रिया दी है?

हिंडनबर्ग ने कहा है कि हमारी ओर से किए गए खुलासों के डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी सेबी मामले में तथ्यात्मक अशुद्धियों की पहचान करने में विफल रहा। इसके बजाय भारतीय नियामकों की ओर से धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए और इस मामले में हमारी ओर से एक व्यक्ति के हवाले यह कहने पर कि 'सेबी भ्रष्ट है।

## हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने सुप्रीम कोर्ट पहुंची नीतीश सरकार

### आरक्षण 65 प्रतिशत करने की मांग



**पटना (एजेंसी)।** नीतीश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पटना हाईकोर्ट के 65 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगाने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। पटना हाईकोर्ट ने बिहार में संशोधित आरक्षण कानूनों को रद्द कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ बिहार सरकार के वकील मनीष सिंह ने याचिका दायर की और दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की मांग की।

तेजस्वी यादव ने यह आरोप लगाए थे

विपक्ष लगातार आरोप लगा रही थी कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बिहार में आरक्षण को बढ़ाना नहीं चाहती थी। भाजपा आरक्षण के साथ खिलवाड़ करना चाहती है। कुछ दिन पहले ही तेजस्वी यादव ने कहा था कि हमलोगों को संदेह पहले से ही था कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे। हमलोगों ने चुनाव में भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी लोग हैं।

विपक्ष के इन आरोपों के बीच एनडीए सरकार की ओर से सुप्रीमो कोर्ट का रुख करना विरोधियों को जवाब देना माना जा रहा है।

### 20 जून को पटना हाईकोर्ट ने सुनाया था फैसला

20 जून पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण देने वाले कानून को रद्द कर दिया था। पटना हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया था। यानी अब शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण नहीं मिलेगा। 50 प्रतिशत आरक्षण वाली पुरानी व्यवस्था ही लागू हो गई।

### 21 नवंबर 2023 को बिहार सरकार ने गजट प्रकाशित किया था

बिहार सरकार ने आरक्षण संशोधन बिल के जरिए आरक्षण दायरा बढ़ा 65 फीसदी कर दिया था। 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को जोड़ दें जो कुल 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। 21 नवंबर 2023 को बिहार सरकार ने इसको लेकर गजट प्रकाशित कर दिया था। इसके बाद से शिक्षण संस्थानों और नौकरी में अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा को 65 फीसदी आरक्षण का लाभ मिल रहा था।

## सरकार पेपर लीक घटनाओं को रोकने के लिए अत्यंत गंभीर, कदम उठाए जा रहे हैं- पीएम मोदी

### हमारे कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले -पीएम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र का आज सातवां दिन है। इस समय पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा में बोल रहे हैं। पीएम के भाषण की शुरुआत से ही विपक्ष मणिपुर को लेकर हंगामा कर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा चुनाव अभियान था, उसमें देश की जनता ने हमें तीसरी बार देश की सेवा करने का मौका दिया है, यह लोकतांत्रिक विश्व के लिए गौरवपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, यह इस चुनाव में हमारे लिए आशीर्वाद का कारण बना। देश की जनता ने देखा है कि हमारा एकमात्र लक्ष्य भारत सर्वप्रथम रहा है, हमारी हर नीति, निर्णय और कार्य का एक ही तराजू 'भारत प्रथम' रहा है। हम तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण के विचार को लेकर चले हैं।

उन्होंने कहा कि देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि जिस विकसित भारत के संकल्प को लेकर हम चले हैं उसके लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास करेंगे और हमारे समय का पल पल और शरीर का कण-कण इस सपने को पूरा करने में लगाएंगे। मेरी सरकार की कई सफलताएं और सिद्धियां हैं, इनमें एक प्रमुख सिद्धि यह है कि देश निराशा के गर्त से बाहर निकला और आत्मविश्वास की बुलंदी पर पहुंचा। जनता ने हमें स्थिरता और निरंतरता के लिए जनादेश दिया है।

इससे पहले सांसद बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को लोकसभा में एक नोटिस दिया, जिसमें सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण में कथित गलतियों का उल्लेख किया गया है। स्वराज ने सदन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को अपने भाषण में कुछ ''गलत'' बयान दिए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके नोटिस पर संज्ञान लेने का आग्रह किया। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश 115 के तहत नोटिस दिया है।

### खड़गे बोले- मुझे अध्यक्ष बनाने वाली सोनिया गांधी: राज्यसभा के सभापति बोले- किसने बनाया, आप जानें; चेयर का अपमान ठीक नहीं



संसद सत्र के सातवें दिन (2 जुलाई) को राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी बहस हुई। खड़गे ने बहस के बीच धनखड़ से कहा कि मुझे कांग्रेस अध्यक्ष बनाने वाली सोनिया गांधी हैं, आप नहीं। इसके जवाब में सभापति धनखड़ ने खड़गे से कहा कि आपको किसने बनाया, ये आप जाने, लेकिन आप हर बार चेयर को नीचा नहीं दिखा सकते। इस देश और संसदीय लोकतंत्र और राज्यसभा की कार्यवाही के इतिहास में चेयर के प्रति इतनी अवहेलना कभी नहीं हुई, जितनी आपने की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी बोल रहे थे। इसी दौरान सभापति धनखड़ की मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के साथ बहस हुई। धनखड़ ने कहा कि जयराम रमेश बार-बार उन्हें टोक रहे थे। जब जयराम खुद बोलने के लिए खड़े हुए तो धनखड़ ने कहा, 'जयराम रमेश, आप समझदार हैं, आप प्रतिभासंपन्न हैं, गुणवान हैं, आपको तो तुरंत आकर खड़गे की जगह ले लेनी चाहिए क्योंकि आप खड़गे का ही काम कर रहे हैं।'

इस पर खड़गे ने कहा, 'देखिए, ये वर्ण व्यवस्था जो आपके दिमाग में छपी हुई है, उसे यहां बीच में मत लाइए। इसी वजह से आप रमेश को समझदार और बुद्धिमान कह रहे हैं और मुझे बेवकूफबता रहे हैं, ताकि वे मेरी जगह ले सकें।' धनखड़ ने कहा कि खड़गे को उनकी बात समझ नहीं आई और उनके शब्दों का गलत अर्थ निकाला गया। इसके बाद खड़गे ने कहा कि यह पद मुझे कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने दिया था। मुझे सोनिया गांधी ने अध्यक्ष बनाया है। यह पद देने का अधिकार सिर्फसोनिया गांधी के पास है, न धनखड़ के पास और न जयराम रमेश के पास। मुझे जनता ने बनाया है। इस पर धनखड़ ने खड़गे से कहा कि मैं उस स्तर पर नहीं आना चाहता। आपको किसने बनाया, ये आप जाने। आप हर बार चेयर को नीचा नहीं दिखा सकते। हर बार चेयर का अपमान नहीं कर सकते। आप अचानक खड़े हो जाते हैं और जो आपके मन में आता है वह कहने लगते हैं, ये समझे बिना कि मैं क्या कह रहा हूं। धनखड़ ने खड़गे से कहा कि हर बार चेयर का अपमान नहीं कर सकते।

# ब्लास्टिंग के बाद पत्थर घर में गिरा, बाल बाल बचे घर के अंदर रहने वाले लोग, दहशत में है ग्रामीण

### थाना में दी सूचना, पाटन ब्लॉक के मुड़पार गांव का मामला

**बलराम यादव**

**पाटन।** क्षेत्र में नियमों को ताक में रखकर घनी आबादी के करीब संचालित पत्थर खदान से अब स्थानीय लोगों की जान जोखिम में है। मंगलवार को मुड़पार में एक खदान में पत्थर तोड़ने के लिए किये गए ब्लास्टिंग के बाद पत्थर पास के ही एक घर में गिरा। ब्लास्टिंग से निकले पत्थर उड़कर छत में लगे सीट को तोड़कर घर के रसोई के पास गिरा। पीड़ित टीका राम यादव एवं ग्रामीणों ने उतई थाना जाकर में मामले की शिकायत दर्ज कराया है। मंगलवार को दोपहर 2 बजे के टीकाराम यादव के घर अचानक खदान में ब्लास्ट से उड़कर पत्थर गिरा। जिस समय पत्थर गिरा उस समय खाना खाने की तैयारी में पीढ़ा लगा के रखे थे। गनीमत ये रहा की किसी को चोट नहीं पहुंचा लेकिन इस घटना से घर सभी लोग सहम गए।



**धड़ाम की आवाज से सहम गए ग्रामीण :** ब्लास्टिंग से उड़कर पत्थर जब टीकाराम यादव के घर की छत में लगे सीट पर गिरी तो जोरदार आवाज आई जिससे आसपास के घरों के लोग एवं राहगीर सहम से गए। आवाज इतनी तेज थी की लोग अपने घरों के बाहर निकल कर देखने लग गए कि किसके घर ब्लास्ट हुआ है।

**रोज होती है हैवी ब्लास्टिंग दहल जाता है क्षेत्र :** सेलूद, पतोरा, चुनकट्टा, मुड़पार, गोड़पेंड्री, छाटा, अचानकपुर, ढौर, धौराभाठा, परसाही एवं ग्राम छाटा, गुडियारी में रोज ब्लास्टिंग होती है। इससे ग्रामीण काफी परेशान रहते हैं। इससे पहले भी मुड़पार, ढौर चौक, गोंडपेंड्री में कई बार खदानों से पत्थर उड़कर घरों तक पहुंच चुका है। गोंडपेंड्री में पत्थर गिरने से खाना खा रही एक बच्ची घायल भी हुई थी। कई बार बड़ी घटना होने के बाद भी खदान मालिक खतरनाक ब्लास्टिंग कर रहे है। जिस समय ब्लास्टिंग होता है पूरा क्षेत्र दहल जाता है। इसके खिलाफ ग्रामीण कई बार आवाज उठा भी चुके है लेकिन इन ग्रामीणों की आवाज को बुलंद करने किसी भी जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया है। मुड़पार के ग्रामीणों ने बताया कि जिस समय खादानो में ब्लास्टिंग किया जाता है उस समय पूरा घर हिल जाता है। घर की दीवारों में दरार आ गई है। कई बार शिकायत की गई है लेकिन रसूखदार खदान मालिको पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. सीमा ने किया पदभार ग्रहण



**रिसाली (समय दर्शन)।** महापौर परिषद में शामिल वार्ड 28 की पार्षद डॉ.सीमा साहू समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास व आजीविका विभाग प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण की। वे मंगलवार दोपहर 12 बजे निगम कार्यालय पहुंची। जहां अन्य एमआईसी सद्स्य समेत सभापति केशव बंछोर, महापौर शशि सिन्हा ने स्वागत किया। इसके बाद महापौर ने एमआईसी कक्ष में पदभार ग्रहण कराया। कुर्सी सम्हालने से पहले डॉ. सीमा ने महापौर, सभापति व अन्य सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि ईश्वरी साहू को हटाए जाने के बाद यह पद खाली था। विभाग को महापौर ने अपने पास रखा था। दो दिन पूर्व ही महापौर ने उन्हें अपने परिषद में शामिल किया। इस अवसर पर परिषद के सदस्य अनूप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, चन्द्रप्रकाश सिंह, परमेश्वर कुमार, पार्षद जमुना ठाकुर, विलास राव बोरकर, रोहित कुमार उपस्थित थे।

### लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश- कलेक्टर



**बालोद (समय दर्शन)।** कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि शासन के मंशा के अनुरूप आम जनता के माँगों एवं समस्याओं का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित होने के साथ ही उन्हें शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ भी मिल सके। कलेक्टर चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के सभी विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में श्री चन्द्रवाल ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से बालोद शहर से गुजरने वाली तांदुला नदी में छाए जल कुंभी की समस्या से निजात दिलाने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी से जिले के ऐसे राशन दुकानों की संख्या के संबंध में जानकारी ली जो विभागीय भवन में संचालित नही है। उन्होंने खाद्य अधिकारी को इन राशन दुकानों के लिए भवन निर्माण हेतु शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने वर्षा ऋतु के मद्देनजर विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता को इस दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विद्युत ट्रांसफार्मरों को भी ठीक-ठाक रखने के निर्देश दिए।

### बजरंग दल और श्रीराम जी की सेना पाटन ने जलाया कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला

**सांसद में हिंदू को हिंसक कहे जाने का कर रहे विरोध**



**पाटन (समय दर्शन)।** लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले को लेकर आज पाटन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। यह पुतला दहन कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद प्रखंड पाटन, बजरंग दल एवं श्री राम जी की सेना पाटन के द्वारा की गई । स्वामी आत्मानंद चौक पर पुतला दहन किया गया। पुतला को बुझाने के लिए पुलिस पानी लेकर पहुंचा लेकिन कार्यकर्ता चलते पुतला को लेकर भागते रहे।

# भारतीय न्याय संहिता, अंग्रेज़ी क़ानून की गुलामी से वास्तविक आज़ादी है-प्रखर

**सरायपाली (समय दर्शन)।** भारतीय न्याय संहिता देश के नागरिकों के लिए अंग्रेज़ी क़ानून से वास्तविक आज़ादी है इण्डियन पिनल कोड में कई एसी धराए थी जो समय के साथ अस्तित्व हीन थी जिन पर विचार कर संशोधन करना किसी भी सरकार की प्राथमिक ज़िमेदारी थी परंतु देश की मोदी सरकार ने देश हित में देशवासीयो के हीत में शंशोधन कर लागू करवाया है इंडियन



पिनल कोड 1862 से लागू आज़ादी से पूर्व का क़ानून था जिसे पूर्ण रूप से अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था जो उस समय की अंग्रेज़ी सरकार द्वारा बनाया गया क़ानून जो कही ना कही लोगो को न्याय के लिए आज के समय में कम प्रासंगिक था और कही ना कही न्याय में देरी की बहुत बड़ी वजह भी यह व्यवस्था थी,भारतीय न्याय सहिता के लागू होने से कही ना कही न्याय व्यवस्था में सुधार होगा।

# एसआरजी यशवंत चौधरी ने बताया आईएफए डब्ल्यूआईएफएस टैबलेट खाने के फायदे

**सरायली (समय दर्शन)।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरायपाली में जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद एम. आर.सावंत एवम् सहायक संचालक सतीश नायर के निर्देशन एवं बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी,बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मंगलवार को आईएफए - विप्स आयरन टैबलेट खिलाई गई।



सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल ने बच्चों को प्रार्थना सभा में टैबलेट खाने हेतु प्रेरित किया एवं प्रशिक्षित स्टेट रिसोर्स ग्रुप मेंबर (एसआरजी), शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने आयरन टैबलेट खाने से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया गया । सीएसी कामता पटेल से प्राप्त आयरन टैबलेट को नियमानुसार विद्यार्थियों को प्रदाय किया गया जिसे सभी बच्चों ने उत्साह के साथ खाया। शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत प्रशिक्षित हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर सुब्रत प्रधान,मीना एस.प्रकाश,विनोद कुमार चौधरी, रश्मि राजा एवं कक्षा शिक्षकों आदि सबका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हर पंचायत में एक हजार पौधे लगाए जाएंगे



### कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए निर्देश

### लंबित मामलों एवं प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिले में व्यापक पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाया जायेगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 1 हजार पौधे लगाये जाएंगे। मूलभूत मद के अंतर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा इसकी व्यवस्था की जायेगी। कलेक्टर अवनीश शरण ने साप्ताहिक टीएल बैठक में इस आशय के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में अभियान की शुरूआत की है।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में लंबित मामलों सहित राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने शहर के अटल आवास इलाके में डायरिया की रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य विभागों में भी लम्बे समय से गायब कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने को कहा है। टीएल बैठक में इसकी समीक्षा भी की जायेगी। कुपोषित बच्चों के पुनर्वास के लिए अस्पतालों में संचालित एनआरसी का नियमित निरीक्षण करते रहने के लिए महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को कहा है। कृषि विभाग को खाद-बीज दुकानों का आगे भी सतत् निरीक्षण जारी रखने को कहा है। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिल बच्चों की देखभाल के लिए मेन्टर नियुक्त किये जाएंगे। वे यह देखेंगे कि कहीं उनके साथ स्कूल प्रबंधन अथवा बच्चों द्वारा भेदभाव तो नहीं किया जा रहा है।

कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम एवं छात्रावासों में निवासरत बच्चों का हर महीने स्वास्थ्य परीक्षण कराने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि जिले की सभी चारों ब्लॉकों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित हैं। इन बच्चों के उपयोग के लिए एक-एक मल्टीपर्पज हॉल बनाया जायेगा। लोक निर्माण विभाग को इसका प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ग्रामीण इलाकों में मुख्य मार्ग से पशुओं को हटाने के लिए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाये हैं। बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने ड्रॉपआउट मुक्त ग्राम पंचायत अभियान

**महासमुंद (समय दर्शन)।** महासमुंद जिले में ड्रॉपआउट मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा किया गया। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत इस अभियान का उद्देश्य जिले की सभी ग्राम पंचायतों को ड्रॉपआउट मुक्त बनाना है। इसके तहत कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को शाला की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसिलिटेशन टीम के माध्यम से ऐसे बच्चों की पहचान की जा रही है, जो किसी भी कारण से शाला त्याग चुके हैं। डिस्ट्रिक्ट लीडर महेंद्र आर्य पीरामल फाउंडेशन (एस्पिरेशनल भारत कोलोबोरेटिव) ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 से 18 वर्ष के बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ना है। आकांक्षी ब्लॉक पिथौरा की 126 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों को इस अभियान के बारे में जानकारी दिया गया। इस बैठक में ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान,




उनके ड्रॉपआउट होने के कारणों का पता लगाना, और उनका पुनः नामांकन कराने पर जोर दिया गया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने इस प्रयास की सराहना करते हुए पूरे जिले में अभियान को विस्तारित करने की घोषणा की। उन्होंने पंचायतों, स्कूलों, शिक्षकों और सामुदायिक संगठनों को सहयोग करने की अपील की। सामुदायिक बैठकों, कार्यशालाओं और जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को इस अभियान के महत्व और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान से उम्मीद है कि महासमुंद जिले के सभी बच्चे अपनी शिक्षा पूरी कर सकेंगे और स्किल डेवलपमेंट में मदद पाकर अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकेंगे।

# सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों का पेंशन प्रकरण संवेदनशीलता के साथ तत्काल बनाए - कलेक्टर मलिक

### नगरीय क्षेत्रों में बारिश और बाढ़ से बचाव के लिए पूर्वाभ्यास करने के निर्देश, समय सीमा की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**महासमुंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज समय सीमा की बैठक लेकर समय सीमा में दर्ज पत्रकों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा से अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल पेंशन प्रकरण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि लंबे वर्षों तक सरकारी विभाग में सेवा देने के पश्चात उन्हें भटकना न पड़े। इसलिए तीन माह पूर्व से ही उनका प्रकरण तैयार करना प्रारम्भ कर देवें। उन्होंने कहा कि जुलाई और अगस्त में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी और कर्मचारियों की जानकारी अभी से तैयार कर लेवे और प्रक्रिया प्रारम्भ कर देवें। कलेक्टर ने कहा कि यह समस्त विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी है कि वे संवेदनशीलता के साथ प्रकरण तैयार करें। इस तारतम्य में आज जिले के पांच कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन प्रकरण के प्रमाण पत्र सौंपे गए। कलेक्टर ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं



देते हुए स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्हें शॉल, श्रीफल और गुलदस्ता भेंट कर उनके द्वारा किए गए शासकीय कार्य को सराहा गया। इन विभागों में पुलिस विभाग से एक, शिक्षा विभाग से तीन और आदिम जाति विकास विभाग से एक कर्मचारी शामिल है।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों के लिए भी शीघ्र नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी के प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। शासकीय विभागों की समीक्षा के दौरान शाला प्रवेशोत्सव और पुस्तक वितरण की जानकारी ली गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय शालाओं के सभी बच्चों को निःशुल्क पुस्तक वितरण की जा चुकी है। वहीं निजी विद्यालयों में दर्ज संख्या अनुसार पुस्तकें वितरित की जा रही है।

कलेक्टर ने बरसात के मौसम को देखते हुए नगरीय क्षेत्र में भी मॉकड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर सेना के साथ बारिश और बाढ़ से निपटने का पूर्वाभ्यास करने कहा है। इसी तरह मातृत्व वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत पात्र व छूटे हुए हितग्राहियों को योजना अंतर्गत जोड़ने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में आज शासकीय कर्मियों को आबंटित होने वाले आवास के लिए निर्मित सॉफ्टवेयर को प्रदर्शित किया गया। अब सभी शासकीय कर्मियों को ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के माध्यम से आवास आबंटित होगा। कलेक्टर ने कहा कि आवास के लिए वरिष्ठता के आधार पर आवास का आबंटन किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

सार समाचार

## बाइक की ठोकर से वृद्धा की मौत

**रायपुर( समय दर्शन )।** पचेड़ा रोड नरदहा में बाइक सवार युवक ने घर के बाहर बैठी वृद्धा को ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिकका भागोबाई गायकवाड़ 70 वर्ष ग्राम नरदहा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि कल शाम वह अपने घर के बाहर बैठी हुई थी। तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएस 3568 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए भागोबाई को टक्कर मार दिया। इस हादसे में भागोबाई की मौत हो गई।

## प्रतिबंधित टेबलेट के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** उरला पुलिस ने सुक्रवारी बाजार के पास नशीली टेबलेट के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से पुलिस ने 200 नग नीट्राजेपम टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुक्रवारी बाजार के पास नशीली टेबलेट खपाने के लिए ग्राहक तलाशते आरोपी लोकेश बघेल 28 वर्ष व मंगल तांडी 28 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 200 नग नीट्राजेपम टेबलेट और बिक्री रकम 1500 रुप जब्त किया है।

## युवक से मारपीट

**रायपुर( समय दर्शन )।** पासपोर्ट ऑफिस गार्डन के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र वर्मा 20 वर्ष सेंचुरी कालोनी डीडीनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी करण महानंद व अमन ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

## घर के बाहर खड़ी ई-रिक्सा पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** सारथी चौक के पास घर के बाहर खड़ी ई-रिक्सा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार कारोसिया 54 वर्ष सारथी चौक के पास आजाद चौक का रहने वाला है। बताया जाता है प्रार्थी अपनी खड़ी ई-रिक्सा क्रमांक सीजी 04 एनडब्ल्यू 5193 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ई-रिक्सा कीर कीमत करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

भवन निर्माण के ड्राइंग-डिजाइन का भी अवलोकन किया

# डिप्टी सीएम शर्मा ने कबीरधाम में प्रस्तावित मेडिकल कालेज स्थल का निरिक्षण किया

**रायपुर( समय दर्शन )।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान ग्राम घोठिया में मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल एवं मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए तैयार की गई ड्राइंग-डिजाईनिंग का अवलोकन किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ड्राइंग-डिजाइनिंग का अवलोकन करते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए राज्य स्तर पर इसकी प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इस माह के अक्टूबर तक निविदा की प्रक्रिया पूरी होनी की संभवना है, इसके बाद मेडिकल कॉलेज के लिए भूमिपूजन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य के लिए आवश्यक सभी प्राक्रिया करने के निर्देश



अधिकारियों को दिए। कबीरधाम जिले के ग्राम घोठिया में राज्य शासन द्वारा नवीन मेडिकल कॉलेज के लिए लगभग 40 एकड़ जमीन मेडिकल कॉलेज के लिए आबंटित की गई है। कबीरधाम में नए चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किए जाने के लिए राज्य शासन द्वारा लागत राशि 306.23 करोड़ रूपए चिकित्सा महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की है। निरीक्षण दौरान राज्य शासन के सीजीएमएससी के एमडी श्रीमती पदमनी भोई साहू के द्वारा मेडिकल कॉलेज के लिए तैयार की गई कॉलेज, प्रशासनिक भवन, छात्रावास सहित सभी नक्शा का अवलोकन कराया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने निरीक्षण पश्चात प्रशासनिक अफसरों के साथ जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और मेडिकल कॉलेज के निर्माण एवं अगले शैक्षणिक सत्र से मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के संबंध में बैठक ली। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए वर्तमान में जिला चिकित्सालय कबीरधाम में संचालित अस्पताल को अपग्रेड करने की कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। क्योंकि वर्तमान व्यवस्था में महाविद्यालय की न्यूनतम अहर्ताएं पूरी नहीं की जा सकती।

# छात्राओं को जल्द मिलेगी सायकिल : कलेक्टर

### कलेक्टर ने की स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा

**रायपुर( समय दर्शन )।** जिले के स्कूली बालिकाओं को जल्द ही साइकिल उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे बालिकाओं को घर से स्कूल आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही पंचायत व स्कूलों की लाइब्रेरी में पुरानी ऐसी किताबें रखी जाएगी, जो अतिरिक्त हो या जिसे पढ़ा जा चुका है। यह नए विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी और विद्यार्थी अवकाश के दिन में भी उन किताबों को पढ़ सकेंगे। संकुल की पुरानी किताबों को जल्द ही लाइब्रेरी में संग्रहित किए जाएंगे। शासकीय, अनुदान प्राप्त और निजी स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों का समय बद्ध वितरण किया जाए। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समीक्षा करते हुए कहा कि स्कूलों में किचन गार्डन में ऐसे साग-सब्जी जैसे टमाटर, मिर्ची, धनिया का उत्पादन किया जाए, जो उपयोगी हो और बच्चों के मध्यान्ह भोजन में सब्जी काम आए। साथ ही बच्चों को दो-दो जोड़ी स्कूल ड्रेस जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाएं। कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई स्कूल भवन या उसका कोई हिस्सा जर्जर हो और नए भवन का निर्माण कराया जाना हो तो पुराने भवनों का विधिवत रूप से नष्ट किया जाए और उनके मलबे का नीलामी की प्रक्रिया भी करें, इसकी जानकारी स्कूल अभिलेख में दर्ज करें। उन्होंने परीक्षा परिणाम में सुधार लाने और पढ़ाई में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देष दिए। डॉ. सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग में तील साल से अनुपस्थित कर्मियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। इसके पश्चात उन कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड से दो-दो स्कूल भवन के निर्माण मरम्मत और कीचन शेड बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने कहा कि किचन शेड ऐसा बनाया जाए जो उपयोगी हो। बालबाड़ी के बच्चों प्राथमिक शाला में दाखिला दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन की जानकारी प्रतिदिन जिला पंचायत सीईओ को भेजी जाए। इसके अलावा आरटीई, छात्र दुर्घटना बीमा योजना, छात्रवृत्ति, नवाचार, शिक्षक सेटअप, महतारी दुलार योजना, समग्र शिक्षा के कार्यों की समीक्षा की।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने माना के वृद्धाश्रम एवं दिव्यांग बाल आश्रम का किया औचक निरीक्षण



**रायपुर( समय दर्शन )।** महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने रायपुर के माना स्थित शासकीय नवीन वरिष्ठजन आश्रम एवं फिजिकल रिफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर पहुंचकर किया औचक निरीक्षण की। वहां उन्होंने वृद्ध माताओं एवं दिव्यांग बच्चों से मिलकर उनका कुशल-क्षेम जाना। श्रीमती राजवाड़े ने आश्रम की वृद्ध माताओं को अपने हाथों से भोजन भी कराया। मंत्री राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वृद्धजनों की सम्पूर्ण देखभाल की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही वृद्धाजनों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, नियमित स्वास्थ्य जाँच, उपचार एवं फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्हें समय-समय पर भ्रमण के लिए ले जाएं एवं उनके पसंद के अनुसार बागवानी तथा अन्य कौशल प्रशिक्षण प्रदान करें। फिजिकल रिफरल रिहैबिलिटेशन में बच्चों को उचित चिकित्सा एवं अन्य सुविधाएं समय-समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर विभाग एवं आश्रम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मौसमी फल जामुन के व्यवसाय से महिलाओं को मिल रहा है आर्थिक स्वावलंबन

**रायपुर( समय दर्शन )।** गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिला अपने प्राकृतिक सौंदर्य और लघु वनोपजों के लिए मशहूर है। यहां के जंगलों में मौसमी फल जामुन, सीताफल , कटहल, मुनगा आदि भी बहुतायत रूप में उपलब्ध होते हैं। जामुन के फल से जिले की महिलाओं को काफी लाभ हो रहा है और वो इसके व्यवसाय से आत्मनिर्भर हो रही हैं और आर्थिक रूप से स्वावलंबन की दिशा में बढ़ रहीं है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती जानकी ओट्टी पेण्ड्रा जनपद पंचायत के एक छोटे से गांव पंडरीखार में रहती हैं। वर्ष 2016-17 में समूह से जुड़कर शैलपुत्री नाम का समूह गठन किया। उन्होंने समूह में अपनी सक्रियता दिखाते हुये आंगनबाडी में रेडी टू ईट का काम करने लगी इससे उनको महीने में 10 से 12 हजार रुपये की मासिक आय होने लगी। जिले में बारिश के मौसम में जामुन बहुत अधिक होता है। समूह की महिलाओं ने मिलकर जामुन इक्ट्ठा कर जिले से बाहर बिक्रय करने की ठानी। उन्हें एक कैरेट जामुन में 600 रुपये तक मिल



जाता है। वे प्रतिदिन विभिन्न समूहों की महिलाओं से 30 से 40 कैरेट एकत्रित कर बाहर भेजती हैं। इस तरह से जामुन के मौसम में एक ही सीजन में समूह की महिलाएं 40 से 50 हजार रुपये तक कमा लेती हैं । समूह की महिलाओं ने बताया कि बिहान योजना में समूह से जुडने से जो सहयोग मिला है, उससे हमारा जीवन सुखद हो गया है। समूह की अध्यक्ष जानकी ने कहा कि मेरा सपना है कि भविष्य में अपने गांव को जामुन क्लस्टर बना कर हम पूरे जिले का जामुन बाहर बिकवायेगें।

## छत्तीसगढ़ में शुरू होगा तेज बारिश का दौर

**रायपुर( समय दर्शन )।** मानसून ने ट्रैक बदल लिया है। इससे अब छत्तीसगढ़ में बारिश का दौर शुरू होने वाला है। रविवार को प्रदेशभर में इसका असर देखने को मिला। मौसम विज्ञानियों के अनुसार सोमवार को भी अनेक स्थानों पर बारिश के आसार हैं, जबकि एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी बारिश के भी संकेत हैं। इसका क्षेत्र सरगुजा संभाग है। वहीं मध्य एवं दक्षिणी छत्तीसगढ़ के भी अधिकांश स्थानों पर बारिश हो सकती है। इसके अलावा रायपुर में आकाश सामान्यत- मेघमय रहने के आसार हैं, जबकि अधिकतम तापमान 32, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। जिसमें सर्वाधिक वर्षा उत्तर छत्तीसगढ़ के ही कुछ क्षेत्रों में 16 सेमी तक, जबकि मध्य छत्तीसगढ़ में कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम एक से दो सेमी वर्षा दर्ज की गई। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी झारखंड और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं एक द्रोणिका पश्चिम असम से उत्तरी ओडिशा तक 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। अधिकतम तापमान में 30 वर्षों के औसत की तुलना में गिरावट देखी जा रही है। सर्वाधिक गिरावट जगदलपुर में 4.2 डिग्री, पेंड्रा रोड में 2.7, अंबिकापुर में दो डिग्री, रायपुर में 0.7, दुर्ग में 0.6 और बिलासपुर में यह सामान्य औसत से 0.4 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा। बारिश की वजह से तापमान गिर गया है, इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। गर्मी और उमस से लोग परेशान हो चुके थे। इधर किसानों ने भी बोवनी की तैयारी शुरू कर दी है।

नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान संसद भवन में कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और राहुल गांधी।



## लागू हुए नए आपराधिक कानून के तहत मंदिर हसौद में दर्ज हुआ अपराध

**रायपुर( समय दर्शन )।** आज से लागू हुए नए आपराधिक कानून के तहत सबसे पहला मामला राजधानी में दर्ज किया गया है। जानते हैं क्या है पूरा मामला ..रायपुर के थाना मन्दिर हसौद में नए अपराधिक कानून के अनुसार प्रार्थी नोहर दास रात्रे की रिपोर्ट पर अनावेदक अमित सिंह राजपूत के विरुद्ध अपराध क्रमांक 495/24 गाली गलौच और जान से मारने की धमकी, धारा 296, 351(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पहले यह 294, 506 आइपीसी के तहत दर्ज होता था। एसएसपी रायपुर संतोष सिंह ने बताया कि साथ ही थाना अभनपुर में नवीन कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएनएस) की धारा 194 के तहत अकाल मृत्यु, मर्ग की सूचना दर्ज कर जांच किया गया है। सूचक लोकेश निषाद पिता कृष्णा निषाद उम्र 47 वर्ष सकीम परसदा के द्वारा दिनांक 1/7/24 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई इसका भाई मृतक टीकम निशाद पिता कृष्णा निशाद उम्र 49 वर्ष साकिन ग्राम परसदा फंसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है की सूचना पर मर्ग क्रमांक 53/2024 धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कायम कर जांच कार्यवाही में ली गई।

# कलेक्टर ने दिए राजीव युवा मितान क्लब की शेष राशि ट्रेजरी में जमा करने के निर्देश

आम नागरिकों को मिलेगी राहत, सड़कों पर रखी पुरानी गाड़ियों को हटाने की होगी कार्रवाई

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजीव युवा मितान क्लब खातों में जमा राशि शासन के खजाने में उसको तत्काल शासन के खजाने में हस्तांतरित करवाया जाएं साथ ही पूर्व में उपयोग किए गए राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करवाएं। सभी एसडीएम इस विषय पर ठोस कदम उठाएं और प्रतिवेदन प्रदान करें। यह बातें कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कहीं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि आगामी 5 जुलाई को जिले के प्रत्येक शासकीय परिसर, भवन, कार्यालयों में पौधरोपण का अभियान चलाया जाएगा। अस्पताल, स्कूल परिसर में जहां पर जगह हो वहां पर बड़े पौधे रोपित किया जाए ताकि उनकी ग्रोथ जल्दी हो। कलेक्टर ने कहा कि 01




जुलाई से नई भारतीय न्याय संहिता लागू हो चुकी है। ऐसे में सभी अधिकारी-कर्मचारी नई संहिता के बारे में जानकारी हासिल करें और जागरूक करें। डॉ. सिंह ने कहा कि सड़को पर ट्रांसफ़ॉर्मर या बिजली खम्बे में लगे पैनल बॉक्स के दरवाजे खुले हुए हैं उसको बंद करें और जिसके पैनल नहीं है उसके लिए चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायें। इससे आमजनों को नुकसान पहुंच सकता है। अत: प्राथमिकता से इस कामों को विद्युत विभाग पूर्ण करें। सड़कों के किनारे पुराने वाहन दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल नगर निगम को और ट्रैफिक पुलिस को दे। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाए। लंबे समय से सड़कों पर रखी गाड़ियों को हटाने की कार्रवाई की जाए। इससे सड़कों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और दुर्घटना की आशंका भी कम हो जाएगी। समस्त शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्यता सुनिश्चित करें। जहां पर कोई बोर अनुपयोगी हो, उस ओर छत में आने वाले और अन्य जगह एकत्र होने वाले बारिश के पानी तथा को भी सुरक्षित करते हुए डाईवर्ट करें। हॉस्पिटल, आंगनबाड़ी, स्कूल समेत अन्य शासकीय कार्यालयों में बारिश के पानी को सहेजने के लिए उपाय अपनाएं ताकि यह पानी व्यर्थ न जाए और जल स्तर भी बने रहे। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** गैलेक्सी आईलैण्ड सकरी विधानसभा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे हीरे व सोने की अंगूठी सहित नकदी रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुष्यंतराज जायसवाल 45 वर्ष गैलेक्सी आईलैण्ड सकरी का रहने वाला है। बताया जाात है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे नकदी 45 हजार सहित, हीरे की अंगूठी व सोने का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## संपादकीय

# दूरगामी एजेंडे का हिस्सा

लोकसभा के सदस्यों से आवश्यक शिष्टता, शालीनता, मर्यादा, भाषाई संयम और व्यावहारिक विवेक की अपेक्षा करना तो लगभग संभव ही नहीं रह गया है। फिर भी उनके महत्त्वपूर्ण लोकतांत्रिक पद के अनुसार न्यूनतम शिष्टाचार की उम्मीद तो रहती ही है। लेकिन इस बार नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ लेते समय शपथ ग्रहण मंच को जिस तरह से अपने-अपने एजेंडे का माध्यम बनाया वह जितना हतप्रभ करने वाला था उतना ही दुखद भी था। भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने शपथ लेने के बाद 'श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाए। तो बरेली के भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने जय हिन्दू राष्ट्रवाद का नारा लगाकर धर्मनिरपेक्षवादी विपक्ष को सुई चुभाने का काम किया। इसी तरह अनेक नवनिर्वाचित सांसद एक के बाद एक अपने-अपने एजेंडे को सामने रखते हुए शपथ लेने के समय नारे लगाते देखे गए। लेकिन सबसे ज्यादा हैरत में डालने वाला शपथ ग्रहण ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलमीन के नेता असद्दीन ओवैसी का रहा। उन्होंने विशुद्ध इस्लामिक तरीके से अल्लाह के नाम पर शपथ ली और शपथ लेने के बाद जो नारे लगाए वे थे जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन। प्रत्यक्षतः लग सकता है कि उनके ये नारे सत्ता पक्ष को चिढ़ाने के लिए थे। इन नारों से सत्ता पक्ष विशेषकर राष्ट्रवादी भाजपा का कुनबा चिढ़ा भी, गुस्सा भी हुआ और आक्रामक भी। लेकिन इस पक्ष के पास ऐसा कोई कानूनी औजार नहीं था जिससे इस तरह की शपथ लेने वाले, हर समय इस्लाम और मुसलमान की दुहाई देने वाले इस सांसद ओवैसी को दंडित जैसा कुछ किया जा सके। वस्तुतः ओवैसी जैसे मुस्लिम नेता ऐसी बातें भ्रमवश, चूकवश या सिर्फ उकसावे के लिए नहीं करते। इस तरह की चीजें उनके दूरगामी एजेंडे का हिस्सा होती हैं जिसमें इस्लामी वर्चस्व, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं और इनके नाम पर मिली अभिव्यक्ति की आजादी इनके मुख्य एजेंडे के लिए सिर्फ कवच मात्र होते हैं। इसलिए ओवैसी के नारों के निहितार्थ से केवल भाजपा, आरएसएस कुनबे को कम, बल्कि कथित धर्मनिरपेक्षतावादियों को ज्यादा चिंतित होना चाहिए और उन्हें इस तरह की स्थितियों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि इनमें भविष्य की जिन टकराहटों की आहट छिपी हुई है, वह इस देश में सांप्रदायिक सद्भाव के स्वप्न को कभी पूरा नहीं होने देगी।

# मध्यप्रदेश में शिवराज के बढ़े कद से बड़ी बेचैनी

**प्रमोद भार्गव**



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकप्रिय नेता शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें ठिकाने लगाने की कई कोशिशें कीं, लेकिन शिवराज सभी पर पार पाते हुए आज प्रदेश के सबसे बड़े प्रतिश्ठित नेता में सुमार हो गए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय नेतृत्व ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते समेत सात सांसदों को विधानसभा के टिकट देकर यह कोशिष की थी कि शिवराज का कद बौना हो जाए और वह राजनीतिक रूप से किनारे लग जाएं। इसी क्रम में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी उनके समांतर खड़ा करने के प्रयास किए गए, लेकिन शिवराज ने अपनी दम पर प्रदेश में विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव की सभी 29 सीटें जिताकर यह जता दिया कि वे लोकप्रियता में ही नहीं चुनाव जिताऊ रणनीति के भी शिल्पकार हैं। इसीलिए फिनिक्स पक्षी की भांति राख से फिर-फिर जी उठते हैं।

दरअसल विधानसभा चुनाव में जबरदस्त जीत मिलने के बाद मुख्यमंत्री बनने के पहले हकदार शिवराज थे, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने उनका कद देशव्यापी न हो जाए, इस नाते मुख्यमंत्री का सिंहासन मोहन यादव को सौंप दिया। उनके चुने जाने पर भाजपा के 163 विधायकों समेत जनता भी हतप्रभ रह गई। लाडली बहनों के लिए तो शिवराज को किनारे करना एक सदमे की तरह महसूस हुआ। अतएव शिवराज जब-जब जनता के बीच गए, तब-तब वे शिवराज के गले से लिपटकर विलाप करती दिखाई दीं। बावजूद शिवराज ने कभी केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के विरुद्ध नाराजी नहीं जताई। पार्टी के निर्णय को सर्वोपरि माना और अपने काम में लगे रहे। लोकसभा के चुनाव में पार्टी ने समझ लिया कि शिवराज को महत्व दिए बिना प्रदेश में चुनावी वैतरणी पार करना कठिन है। गोया, उन्हें विदिशा से न केवल टिकट दिया गया, बल्कि उनके कहने पर ज्यादातर टिकट दिए गए। तीन टिकट ग्वालियर, मुरैना और भिंड नरेंद्र सिंह तोमर के खाते में थे। यही नहीं शिवराज प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र की अधिकांश विधानसभाओं में प्रत्याशियों का प्रचार करने गए। विदिशा से जब उन्हें प्रत्याशी घोषित किया गया तो इन पांव-पांव वाले भैया को बहनाओं ने चुनाव लड़ने के लिए चंदा से एकत्रित की राशि कई बार भेंट की। इसलिए जब 29 की 29 सीटें भाजपा जीती तो उनको केंद्र में बड़ा पद देना नरेंद्र मोदी की मजबूरी हो गई। हालांकि मोदी जब विदिषा में चुनावी सभा लेने आए थे, तब उन्होंने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि शिवराज उनके पुराने साथी हैं और वे उन्हें दिल्ली ले जाकर बड़ा दायित्व सौंपेंगे। अतएव जब शिवराज ने इंदौर के बाद सबसे बड़ी जीत हासिल की तो उसी अनुरूप उन्हें मंत्रीमंडल में अत्यंत महत्वपूर्ण मंत्रालय कृषि एवं किसान कल्याण और पंचायत एवं ग्रामीण विकास सौंपे गए। शिवराज ही हैं, जो भाजपा से नाराज किसानों को मना सकते हैं और किसानों की आय दोगुनी करने का उपाय भी करने की क्षमता रखते हैं। शिवराज ने करीब 8 लाख 21 हजार मतों से जीत हासिल करके अपने विरोधियों को जता दिया है कि उनकी पैठ मतदाता के घर में हैं।

हालांकि प्रदेश में शिवराज समेत पांच मंत्री बनाए गए हैं। दूसरा बड़ा चेहरा गुना-शिवपुरी सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया है। सिंधिया बीते कार्यकाल में नागरिक एवं उड्डयन और इस्पात मंत्री थे, किंतु अब उन्हें दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री बनाया गया है। इसे गुना संसदीय क्षेत्र की जनता उचित या उनके कद के अनुरूप दिए मंत्रालय नहीं मान रही है। दरअसल दूरसंचार के क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर कुछ करने की गुंजाइश नहीं रह गई है। संचार की व्यवस्था निजी कंपनियों के हाथ में है और दूरांचल क्षेत्रों में भी मोबाइल टॉवर कई साल पहले लगाए जा चुके हैं। अतएव एक सांसद के रूप में सिंधिया के पास जनता एवं अपने कार्यकर्ताओं के लिए देने को बहुत कुछ नहीं रह गया है। पूर्वोत्तर भारत के विकास की जिम्मेदारी सिंधिया को मिली है, वहां वे अपनी क्षमताओं के अनुरूप जो भी कुछ करेंगे, वह यहां के लोगों को दिखाई नहीं देगा। ऐसे में सिंधिया को मतदाता से आंतरिक निकटता बनाए रखने में कठिनाई पेश आ सकती है। हालांकि सिंधिया शिवराज की तरह नावाचारी है। अतएव वे अपने संसदीय क्षेत्र की जनता को पूर्वोत्तर के कामाख्या देवी समेत अन्य तीर्थ स्थलों से नई रेलें देकर यह जता सकते हैं कि मध्यभारत को पूर्वोत्तर से जोड़ने का उन्होंने उल्लेखनीय काम किया है। परंतु गुना, शिवपुरी और अशोकनगर से नई रेलें आरंभ करने के लिए उन्हें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह करना होगा। बहरहाल सिंधिया को अपने मंत्रालय के जरिए मतदाता से समन्वय बिठाना थोड़ा कठिन होने जा रहा है ?

प्रदेश से वीरेंद्र खटीक, दुर्गादास उईके और आदिवासी नेत्री सावित्री ठाकुर को भी मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री के रूप में जगह मिली है। खटीक पिछले कार्यकाल में भी सामाजिक न्याय मंत्री थे, अब उन्हें फिर से इसी मंत्रालय का उत्तरदायित्व मिला है। उईके को जनजातीय मामलों का मंत्री बनाया गया है। पहली बार संसद में पहुंची सावित्री ठाकुर को महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री का दर्जा मिला है। वे किसी राजपरिवार से नहीं आती हैं, अपनी ही दम पर पंचायत के नेतृत्व से अब सांसद की हैसियत से नेतृत्व संभाल रही है। आदिवासी समाज से आने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को इस बार मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया है। प्रदेश विधानसभा में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के किसी भी सांसद को मंत्रिमंडल में मौका नहीं दिया गया है। उनके तीन सांसद मुरैना से शिवमंगल सिंह तोमर भिंड से संध्या राय और ग्वालियर से भारत सिंह कुशवाह जीतकर आए हैं। सिंधिया सांसद भले ही गुना से हैं, लेकिन उनकी पैठ समूचे ग्वालियर-चंबल अंचल में है। ऐसे में उन्हें तोमर के सांसदों से समन्वय बनाने में अड़चन अनुभव हो सकती है। क्योंकि इस अंचल की राजनीति में सिंधिया और तोमर दो विपरीत ध्रुव रहे हैं। तोमर ने गुना क्षेत्र में नाममात्र चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इसी अनुरूप सिंधिया मुरैना, भिंड और ग्वालियर में ज्यादा समय नहीं दे पाए। दरअसल सिंधिया की निगाह अपने ही संसदीय क्षेत्र में अधिक थी। क्योंकि वे 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव हार गए थे। इसलिए पूरा समय अपनी जीत के लिए सपरिवार लगाया। फ्लतः 5 लाख 40,000 वोट से रिकॉर्ड जीत हासिल की। लेकिन अब शिवराज का बड़ा कद प्रदेश के उन सब क्षत्रपों के लिए झेलना मुश्किल हो रहा है, जिनकी शिवराज से प्रतिस्पर्धा रही है।

# आयातित संस्कृति के चितेरे

आजकल अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अत्याधुनिक देशों से समाधान आयात करने की परम्परा का गरिमापूर्ण पालन शुरू हो गया है। समाधान उधार लिया न लगे, अतः उसे भारी भरकम हिन्दी में शीर्षक अदा कर उसका स्वदेशीकरण कर दिया जाता है। फिर अपने इस मौलिक प्रयास पर राष्ट्र के कर्णधार आह्लादित हो जाते हैं। प्रशंसकों की कमी हो जाए तो अपने लिए स्वयं ही तालियां पीटने से परहेज नहीं करते। कदम-कदम पर मिलते इसके उदाहरण हमारी समझ का पालना झुलाने लगते हैं। 'हमारा भारत महान' की लोरी अपना स्वर बदल लेती है, देश नींद से जागने की बजाय और गहरी नींद में सो जाता है। नींद में कुनमुनाते हुए इन लोगों को थपकी दे सुलाते हुए मार्गदर्शक को यह सुझाया है, 'अरे बढ़ती हुई महंगाई से क्यों परेशान होते हो। थोक कीमतों का सूचकांक देख लो। ये पहले जीरो से कितना कम था। अभी भी बढक़र जीरो ही तो हुआ है। क्यों याद दिलाते हो कि परचून कीमतों पर नियंत्रण का वायदा था? नहीं पूरा हुआ, क्या हुआ? कीमत स्तर वापस मनमोहन काल की कीमतों पर लौट आया तो क्या हुआ? अरे, भाई उससे बढ़ा तो नहीं? मत याद दिलाइए कि रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों की कीमतें या आलू-प्याज के प्रति किलो की ओर बढ़ते हुए शतक औसत मूल्य सूचकांक वृद्धि का मुंह चिढ़ा नई परेशानी को अपकीर्ति स्तम्भ खड़े कर रहे हैं। क्या हुआ? आप क्या जानते नहीं कि स्थानीय आर्थिक समस्याओं में वैश्विक कठिनाइयां पैदा हो गई हैं। सुनो, पराली न जलाना। वायु प्रदूषण बढ़ता है, दम घुटना बढ़ेगा। इसलिए पराली जलाओगे तो एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का दंड पाओगे। क्या हुआ जो तुम्हारे पास परिवार का पेट भरने के पैसे तक नहीं। जुर्माना तो एक करोड़ रुपया भी भरना पड़ेगा। इलाके के चौकसी प्रभारी, दरोगा बाबू खुश हैं, 'जितने भारी जुर्माने की घोषणा होती है, उतनी ही उनकी जेब की चोर आंख मुस्कराने लगती है।' शाम को जरा खेतों में डूबता सूरज देखने निकल जाइए, आपको खेतों में पराली की जलती हुए चिताएं नजर आ जाएंगी। उधर स्थानीय चौकी में दरोगा बाबू का अट्टहास गूंजता है। यह सही है कि बड़ी कीमत वाले डालर का हस्तांतरण मूल्य गिन कर जुर्माना राशि घोषित कर दी गई। इसका भारी भरकम वजूद इनकी चोर जेबों को और भी खुश कर गया है। जलने दो पराली की चिताएं। लोगों में बीमारियों का भय वायु प्रदूषण के बढऩे के साथ-साथ बढ़ेगा। अर्थशास्त्र में कारण और प्रभाव एक-दूसरे से जुड़े होते हैं। बीमारियों के बढऩे के साथ फार्मा कम्पनियों के शेयर मूल्य बढ़ जाते हैं। उनकी सम्पदा में सत्तर प्रतिशत वृद्धि हो जाती है, जबकि अन्य काम-धंधे मंदीग्रस्त हैं। रहने दो। नहीं, आलू, प्याज और सरसों की कीमतें मंदीग्रस्त नहीं, उनकी कीमतें कुलांचें भर रही हैं और इसके साथ ही सब्जी का खाली थैला लेकर लौटते हुए आम आदमी की कराह भी चिन्ता नहीं। नहीं नहीं, इस समस्या का समाधान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करने का निर्णय कर लिया गया है। फैसला घोषित हो गया है कि आलू, प्याज की मांग के मुकाबले आपूर्ति की कमी दूर करने के लिए उसका भारी मात्रा में आयात किया जाएगा। जी हां, स्थानीय जमाखोरों और कालाबाजारियों को भी संदेश मिल जाए कि जब तक आयात पूरा नहीं हो जाता, वे अपनी जमाखोरी से कभी की दहशत पैदा करके कालाबाजारी से अपने हाथ रंगते रहें। वैसे भी दो साल पहले बीती कोरोना महामारी के दिनों से अब तक हाथों को स्वच्छ रखने के लिए कालाबाजारी के रंगीन दस्ताने पहनने की मनाही न पहले थी न अब है। जहां तक देश के पिछड़ेपन की समस्या से निपटने का प्रश्न है, उसके लिए भी विदेशी मॉडलों के आयात करने की कोई मनाही नहीं। उनका स्वदेशीकरण तो भारत आने पर कर ही लिया जाएगा।

# सियासत होती ही ऐसी है

**नवल किशोर कुमार**

सियासत होती ही ऐसी है कि कोई भी सीधी राह नहीं चलता। एक यदि आरएसएस को अपवाद मान लिया जाए तो चाहे वे समाजवादी रहे हों या वामपंथी या फिर कांग्रेस जैसे नरम दक्षिणपंथी ही क्यों न हो, सभी अपनी राह समय और परिस्थितियों के अनुसार बदलते रहे हैं।

इनमें अंबेडकरवादी आंदोलन से उपजे राजनीतिक दल भी शामिल हैं। चूंकि वर्तमान में देश में दलित समुदायों को सबसे अधिक बहुजन समाज पार्टी प्रिय है, लिहाजा यह बेहद मौजूं विषय है कि मायावती अपनी राजनीति में किस तरह की करवटें बदल रही हैं।

हाल में उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक बनाकर फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है जबकि लोक सभा चुनाव के प्रारंभिक चरणों में उन्होंने आकाश आनंद को न केवल राष्ट्रीय समन्वयक, बल्कि अपने उत्तराधिकार की गद्दी से भी उतार दिया था। तब मायावती ने कहा था कि आकाश अभी अपरिपक्व हैं। दरअसल, इस बार के लोक सभा चुनाव के पहले बसपा को लेकर उसके कैडर में ऊहापोह की स्थिति रही। वजह यह कि मायावती ने अंतिम समय तक अपने पत्ते नहीं खोले कि वह इंडिया गठबंधन में शामिल होंगी या एनडीए गठबंधन में। अंतिम समय में उन्होंने अकेले ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया।

लेकिन जिस तरह से उन्होंने उत्तर प्रदेश, जहां लोक सभा की कुल 80 सीटें हैं, में अपने उम्मीदवारों, जिनमें अधिकांश मुसलमान थे, का चयन किया तो उनके कैडर मतदाताओं को भी लगने लगा कि मायावती खास रणनीति के तहत चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि पहला मौका नहीं था जब मायावती ने दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं पर यकीन किया। इसके पहले भी वह इस रणनीति को आजमाती रही हैं। लेकिन तब होता यह था कि ओबीसी का एक हिस्सा उनके साथ खड़ा रहता था। इसके पीछे वजह यह होती थी कि पिछड़ा वर्ग के अनेकानेक नेता तब बसपा के हिस्सा थे। इनमें स्वामी प्रसाद मौर्य से लेकर बाबू सिंह कुशवाहा आदि नेता भी थे। इस कारण होता यह था कि दलित, अल्पसंख्यक और गैर-यादव पिछड़ा वर्ग के साथ होने की वजह से बसपा या कहिए कि मायावती की राजनीति चलती रहती थी।

लेकिन धीरे-धीरे गैर-यादव पिछड़ा वर्ग बसपा से दूर होने लगा। यही वजह रही कि 2007 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में अपने बूते सरकार बनाने वाली मायावती पिछली बार हुए विधानसभा चुनाव में केवल एक सीट और हाल में संपन्न लोक सभा चुनाव में एक सीट भी जीतने में नाकाम रहीं, लेकिन इस बार के चुनाव के पहले तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बसपा के समर्थकों के मन में एक आस थी। यह आस आकाश आनंद के रूप में थी। आस की वजह यह थी कि मायावती ने एक नौजवान को अपना उत्तराधिकारी बनाया था और उनके समर्थकों को लगने लगा था कि अब यह पार्टी फिर से जीवित हो सकेगी। इसी विश्वास और कामना के साथ आकाश आनंद ने जब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी के लिए चुनावी अभियान की शुरुआत की तब उनके समर्थकों में जोश भर गया। बड़ी संख्या में लोग उनकी रैलियों में जुटने लगे।


एकबारगी लगने लगा कि बसपा भाजपा की 'बी' टीम नहीं है। इसकी वजह भी थी। और वजह यह थी कि आकाश आनंद ने केंद्र में सत्तासीन भाजपा को आड़े हाथों लेना शुरू किया। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई और देश में बढ़ रही नफरत के लिए भाजपा की आलोचना खुले मंच से की। आकाश आनंद के इस रुख ने देश भर के राजनीतिक विश्लेषकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। बसपा के कैडर समर्थकों को भी लगने लगा कि यदि यही दिशा और संवेग कायम रहा तो जो गैर-यादव पिछड़ा वर्ग है और जो मुसलमान हैं, वे बसपा को अपना समर्थन देंगे। लेकिन इससे पहले कि आकाश आनंद की यह रणनीति विस्तार पाती, मायावती ने उन्हें उत्तराधिकारी की गद्दी से नीचे उतार दिया। उनके द्वारा अचानक लिए गए इस फैसले को उनके कैडर समर्थकों ने भी इसी रूप में माना कि शायद मायावती को आकाश आनंद द्वारा भाजपा सरकार की आलोचना पसंद नहीं है, और यह इसलिए कि वह भाजपा के दबाव में हैं।

नतीजा यह हुआ कि चंद्रशेखर आजाद जैसे युवा दलित नेता ने पहली ही बार में नगीना लोक सभा का चुनाव जीत लिया और मायावती बुरी तरह हार गई। मायावती के उपरोक्त कदम से सबसे अधिक निराश गैर-जाटव दलित, गैर-यादव पिछड़े और मुसलमान हुए, लेकिन लोक सभा चुनाव के बाद मायावती ने अपने फैसले को दुबारा क्यों पलटा, इस बारे में हालांकि उनकी ओर से कोई सफाई नहीं दी गई है, लेकिन सियासी गलियारे में सभी जानते हैं कि लोक सभा चुनाव में जीत मिलने के बाद चंद्रशेखर की पकड़ दलित मतदाताओं पर तेजी से बढ़ने लगी है।

हाल में चंद्रशेखर ने सार्वजनिक रूप से यह बयान भी दिया था कि यदि आकाश आनंद चाहें तो उनकी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। माना जा रहा है कि चंद्रशेखर के इस सार्वजनिक आमंत्रण ने मायावती को अपना फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया। उन्हें भय सताने लगा कि यदि आकाश चंद्रशेखर के साथ चले गए तब बसपा के कैडर समर्थकों का एक बड़ा हिस्सा उनके साथ हो जाएगा और बदली हुई परिस्थितियों के मद्देनजर यह नामुमकिन भी नहीं है। इसे ऐसे देखें कि अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक की राजनीति कर रहे हैं, और इस बार लोक सभा चुनाव में उन्होंने इसी फार्मूले के आधार पर भाजपा को 33 सीटों पर समेट दिया।

# संविधान और संसद के लिए ख़तरनाक प्रवृत्ति

**रजनीश कपूर**



आनेवाले वर्षों में कोई सांसद 'जय अमेरिका', 'जय पाकिस्तान' या 'जय चीन' का भी नारा लगा सकता है। इस तरह भारत की संसद संयुक्त राष्ट्र का अखाड़ा जैसी बन जाएगी। इसलिए इस ख़तरनाक प्रवृत्ति पर लोकसभा और राजसभा के अध्यक्षों को फ़ौरन रोक लगानी चाहिए ए संसद में चाहे जय श्री राम का नारा लगे और चाहे अल्लाह हो अकबर का दोनों ही राजनैतिक उद्देश्य से लगाए जाने वाले नारे हैं जिनका उद्घोष संसद में नहीं होना चाहिए।

लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेते समय हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक ऐसा नारा लगाया जिस पर पूरा देश चौक गया। उन्होंने 'जय भीम', 'जय मीम', 'जय तेलंगाना' और 'जय फ़िलिस्तीन' का नारा लगाया। जहां तक 'जय भीम' और 'जय तेलंगाना' जैसे नारों की बात है तो ये देश के सीमाओं के दायरे में आते हैं। पर एक दूसरे देश की जयकार बोलना, वो भी संसद के भीतर, ये किसी के गले नहीं उतरा। ओवैसी ने एक बहुत ही ग़लत परंपरा की शुरुआत की है। आनेवाले वर्षों में कोई सांसद 'जय अमेरिका', 'जय पाकिस्तान' या 'जय चीन' का भी नारा लगा सकता है। इस तरह भारत की संसद संयुक्त राष्ट्र का अखाड़ा जैसी बन जाएगी। इसलिए इस ख़तरनाक प्रवृत्ति पर लोकसभा और राजसभा के अध्यक्षों को फ़ौरन रोक लगानी चाहिए।

सब जानते और मानते हैं कि भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है। धर्म निरपेक्ष का मतलब नास्तिक होना नहीं है। बल्कि इसका भाव है, सर्व धर्म समभाव, यानी हर धर्म के प्रति सम्मान का भाव। पर देखने में यह आया है कि भारत में रहने वाले मुसलमानों और हिंदुओं के कुछ नेता सांप्रदायिकता को भड़काने के उद्देश से धार्मिक उन्माद बढ़ाने वाले नारे लगवाते हैं। जिससे उनके वोटों का ध्रुवीकरण हो। जहां एक तरफ़ बरसों से मुसलमानों को अल्पसंख्यक बता कर उनके पक्ष में ऐसे काम किये गये जो संविधान की मूल भावना के विरुद्ध थे। जैसे रमज़ान में सरकारी स्तर पर इफ़्तार की दावतें आयोजित करना। अगर ऐसी दावतें अन्य धर्मों के उत्सवों पर भी की जातीं तो किसी को बुरा नहीं लगता। पर ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि हिंदुत्व की राजनीति करने वालों को अपने समर्थकों को उकसाने का आधार मिल गया। शा

यद इसी का परिणाम है कि पिछले दस वर्षों में भाजपा के सांसदों और विधायकों ने संसद और विधान सभाओं में ज़ोर-ज़ोर से व सामूहिक रूप से धार्मिक नारे लगाना शुरू कर दिया। इसका परिणाम ये हो रहा है कि अब मुसलमानों के बीच भी उत्तेजना और अक्रमकता पहले से ज़्यादा बढ़ गई है। जबकि ये एक ख़तरनाक प्रवृत्ति है, जिसे सख़्ती से रोका जाना चाहिए वरना समाज में गतिरोध और हिंसा बढ़ेगी। वैसे इस तरह का वातावरण असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भी तैयार किया जाता है। इसलिए समझदार हिंदू और मुसलमान अपने धर्म के प्रति आस्थावान होते हुए भी इस हवा में नहीं बहते हैं।

हिंदुत्व का समर्थक कोई पाठक मुझसे तर्क कर सकता है कि हिंदुस्तान में भाजपा के सांसदों और विधायकों को अगर हिन्दुवादी नारे लगाने से रोका जाएगा तो क्या हम फ़िलिस्तीन में जा कर ये नारे लगाएँगे? मेरा उत्तर है कि मैं एक सनातन धर्मी हूँ और मेरा परिवार और पूर्वज शुरू से आरएसएस से जुड़े रहे हैं। लेकिन पिछले 30 वर्षों में हिंदुत्व की राजनीति का जो चेहरा मैंने देखा है उससे मन में कई सवाल खड़े हो गये हैं। जब देश की आबादी 141 करोड़ है, इनमें से 97 करोड़ वोटर हैं। उसमें से केवल 36.6 प्रतिशत वोटरों ने ही इस चुनाव में भाजपा को वोट दिया है। मतलब ये कि कुल 111 करोड़ हिंदुओं में से केवल 35 करोड़ हिंदुओं ने बीजेपी को वोट दिया। तो भाजपा सारे हिन्दू समाज के प्रतिनिधित्व का दावा कैसे कर सकती है? चूँकि देश की आबादी में 78.9 प्रतिशत हिंदू हैं और उनमें से एक छोटे से हिस्से ने बीजेपी को वोट दिया है। मतलब बहुसंख्यक हिंदू भाजपा की नीतियों से सहमत नहीं हैं।

हम सब मानते हैं कि हमारा धर्म सनातन धर्म है। जिसका आधार है वेद, पुराण, गीता, भागवत, रामायण आदि ग्रंथ। क्या भाजपा इनमें से किसी भी ग्रंथ के अनुसार आचरण करती है? अगर नहीं तो वे कैसे हिंदू धर्म के पुरोधा होने का दावा करती है?


हमारे धर्म के चार स्तंभ हैं, उन चारों पीठों के शंकराचार्य जिन्हें आदि शंकराचार्य जी ने सदियों पहले भारत के चार कोनों में स्थापित किया था। क्या भाजपा इन चारों शंकराचार्यों को यथोचित सम्मान देती है और इनके ही मार्ग निर्देशन में अपनी धार्मिक नीति बनाती है? अगर नहीं तो फिर बीजेपी हिंदू धर्म के पुरोधा कैसे हुए?


सनातन धर्म में साकार और निराकार दोनों ब्रह्म की उपासना स्वीकृत है। इस तरह उपासना के अनेक मार्ग व अधिकृत संप्रदाय हैं। इसलिए पूरे देश में व्याप्त सनातन धर्म का कोई एक झंडा या एक जय घोष नहीं होता। जैसे 'जय श्री राम' किसी अधिकृत संप्रदाय का जयघोष नहीं है। प्रभु श्री राम को लोग 'जय सिया राम', 'राम-राम' 'जय रामजी की' आदि अनेक संबोधनों से पुकारते हैं। 'जाकी रही भावना जैसी हरि मूरत देखी तिन तैसी'। फिर केवल 'जय श्री राम' धार्मिक उदघोष कैसे हुआ?

ऐसी तमाम अन्य सब बातों को भी देख सुनकर कर यह स्पष्ट होता है कि भाजपा का हिंदुत्व सनातन धर्म नहीं है। ये इनकी राजनीति के लिये एक अस्त्र मात्र है। इसका अर्थ यह हुआ कि संसद में चाहे जय श्री राम का नारा लगे और चाहे अल्लाह हो अकबर का दोनों ही राजनैतिक उद्देश्य से लगाए जाने वाले नारे हैं जिनका उद्घोष संसद में नहीं होना चाहिए। जय फ़िलिस्तीन का नारा तो और भी ख़तरनाक प्रवृत्ति को दर्शाता है। आशा की जानी चाहिए कि संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष इस विषय पर गंभीरता से विचार करके संविधान और संसद की गरिमा बचाने का काम करेंगे।

# तेजी से वजन घटाने के लिए पिएं टमाटर, गाजर और अदरक का जूस







त वजन घटाने के लिए लोग जूस और स्मूदी का सेवन काफी अधिक करते हैं। क्योंकि इनमें कैलोरी कम होती हैं, लेकिन पोषण भरपूर होता है। कुछ लोग फलों का रस पीना पसंद करते हैं, तो कुछ सब्जियों का। क्योंकि दोनों के अपने अलग फायदे हैं। फलों के रस में मिठास काफी होती है इसलिए बहुत से लोग फलों के रस की तुलना में सब्जियों का रस पीना अधिक पसंद करते हैं। अगर आप भी वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं और सब्जियों का जूस पीना अधिक पसंद करते हैं, तो आपको बता दें कि आपके लिए टमाटर, गाजर और अदरक का जूस बहुत लाभकारी साबित हो सकता है। अगर आप सुबह खाली पेट इस जूस के साथ अपने दिन की शुरुआत करें तो इससे आपको तेजी से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। अब सवाल यह उठता है कि जो लोग वजन कंट्रोल रखने की कोशिश कर रहे हैं, वे घर पर टमाटर, गाजर और अदरक का जूस कैसे बना सकते हैं? इस लेख में हम आपको इसके बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

### वजन घटाने के लिए टमाटर, गाजर और अदरक का जूस पीने के फायदे-

इस जूस की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें कैलोरी बहुत कम मात्रा में होती हैं। सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से पाचन दुरुस्त होता है और मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। इससे आपको भोजन के बेहतर पाचन और अतिरिक्त कैलोरी को तेजी से बर्न करने में मदद मिलती है। जो लोग सुबह वर्कआउट करते हैं, यह उनके लिए बेस्ट प्री-वर्कआउट ड्रिंक साबित हो सकता है, क्योंकि इसका सेवन करने से शरीर को जल्द एनर्जी मिलती है और वर्कआउट के दौरान थकान महसूस नहीं होती है। साथ ही, पोषक तत्वों से भरपूर होने की वजह से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स के संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करता है। इसके अलावा, शरीर में जमा गंदगी को बाहर निकालने, डिटॉक्सिफाई करने और हाइड्रेट रखने में भी मदद करता है। इस जूस को पीने के बाद आपको लंबे समय तक भूख भी नहीं लगती है।

### टमाटर, गाजर और अदरक का जूस पीने के अन्य फायदे

शरीर में ब्लड फ्लो बढ़ाता है

ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखता है

विटामिन सी, ए, पोटेशियम, एंटीऑक्सीडेंट, लाइकोपीन जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

### पेट संबंधी समस्याएं दूर करता है जैसे पेट में गैस, ब्लोटिंग, अपच और कब्ज आदि।

कई गंभीर रोगों से आपको सुरक्षित रखता है

हाई कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोगियों के लिए भी लाभकारी है।

टमाटर, गाजर और अदरक का जूस कैसे बनाएं रेसिपी

### सामग्री

2 गाजर

2 टमाटर

1 छोटा टुकड़ा अदरक

धनिया के पत्ते

आधे नींबू का रस

जूस बनाने के लिए अगर आप जूसर का प्रयोग कर रहे हैं, तो सभी सामग्रियों धोकर पहले अच्छी तरह काट लें और इनका जूस निकाल लें। जूस को छानकर एक कप में निकाल लें और इसमें नींबू का रस मिलाकर सेवन करें।

वहीं अगर आप ब्लेंडर का प्रयोग कर रहे हैं, तो जार में नींबू को छोड़कर सभी सामग्रियां डालें और इसमें एक कप पानी डालकर स्मूदी बनने तक ब्लेंड करें। अब एक छलनी की मदद से छानकर एक बर्तन में जूस निकाल लें और गूदा अलग कर दें। इसमें नींबू का रस निचोड़ें और आनंद लें।

# सौंफ और मेथी

## का पानी पीने से क्या होता है



*बिगड़ी लाइफस्टाइल और खराब खानपान के कारण सेहत से जुड़ी कई समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में अगर समय रहते अपने खानपान में बदलाव कर लिया जाए तो समस्याओं को बीमारियां बनने से रोका जा सकता है। भारतीय लोगों की किचन में कई ऐसे मसाले होते हैं जिनका इस्तेमाल आयुर्वेद में कई अलग-अलग बीमारियों के इलाज के लिए बनाई जाने वाली दवाओं में किया जाता है। औषधीय गुणों से भरपूर भारतीय मसाले आपके वजन कम  करने से लेकर पेट संबंधी समस्याओं तक को ठीक कर सकते हैं। घरों में मेथी और सौंफ का प्रयोग अचार से लेकर सब्जी बनाने तक में किया जाता है लेकिन क्या आप मेथी और सौंफ का पानी पीने  के फायदे जानते हैं? अगर नहीं तो इस लेख में हम मोक्षा हॉस्पिटल की आयुर्वेदिक डॉक्टर मीनाक्षी आर्या से जानेंगे मेथी और सौंफ का पानी पीने के फायदे और इसे बनाने का तरीका।*

### मेथी सौंफ का पानी पीने के फायदे-

मेथी और सौंफ  का पानी पीने से बॉडी डीटॉक्स होती है। लेकिन ध्यान रखें कि इसे लगातार 15 दिन से ज्यादा न लें। अगर आप इसे लंबे समय तक पीना चाहते हैं तो बीच में कुछ दिनों का अंतराल जरूर रखें।

मेथी और सौंफ दोनों में ही एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, ऐसे में इस पानी को पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बेहतर होती है। इस पानी को पीने से कई तरह की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। सौंफ और मेथी दोनों ही पाचन तंत्र के लिए बेहद लाभदायक हैं। ऐसे में इसका पानी आपके पाचन को बेहतर कर सकता है, जिससे आपको कब्ज, एसिडिटी और पेट फूलने जैसी दिक्कतें कम होंगी। सौंफ और मेथी का पानी आपकी वजन कम करने की जर्नी को आसान कर सकता है। पोषक तत्वों से भरपूर सौंफ और मेथी का पानी पीने के साथ आप इसके बीजों को चबाकर खा भी सकते हैं।

### मेथी सौंफ का पानी बनाने का तरीका

मेथी और सौंफ का पानी बनाने के लिए आपको 1 चम्मच मेथी, 1 चम्मच सौंफ और 1 कप पानी चाहिए होगा।

1 कप पानी में सौंफ और मेथी दाना डालकर रातभर के लिए भिगाएं।


अगली सुबह मेथी और सौंफ को छानकर अलग करें।

आपका मेथी सौंफ का पानी तैयार है। स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें शहद मिला सकते हैं।

सौंफ मेथी का पानी पीने के बाद आप रातभर भीगे हुए बीजों को चबाकर खा भी सकते हैं।

ध्यान रखें कि अगर आप किसी बीमारी से पीड़ित हैं तो इस पानी को पीने से पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।

# पेट से जुड़ी बीमारियां क्यों होती हैं?





खानपान की गलत आदतों के कारण लोग पेट से जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। खराब लाइफस्टाइल और खानपान के कारण लोग अलग-अलग तरह की दिक्कतों ) जैसे- पेट में दर्द, आंतों में इंफेक्शन, इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज, एसिडिटी, कब्ज और दस्त जैसी समस्याओं से परेशान हैं। पेट की बीमारियों के कारण शरीर में कई तरह की दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। इस लेख में रामहंस चेरिटेबल हॉस्पिटल, सिरसा के आयुर्वेदिक डॉक्टर श्रेय शर्मा से जानेंगे कि पेट की बीमारियों का क्या कारण है और इससे बचाव के तरीके क्या हैं।

### पेट की बीमारी क्यों होती हैं?

पेट की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण खराब खानपान है। अगर समय से ध्यान न दिया जाए तो समस्या गंभीर हो सकती है।

लोग आजकल 3 बार खाना खाते हैं, जिससे शरीर को डिटॉक्स होने का समय नहीं मिलता है और पेट की बीमारियां होने लगती हैं।

ज्यादा खाना खाने के कारण पेट को रिपेयर होने का समय नहीं मिलता, जिससे बीमारियां होती हैं।

लोग अपनी डाइट में फ्रूट्स और सब्जियां कम शामिल करते हैं और अनाज का सेवन ज्यादा करते हैं। जिसके कारण पेट की समस्याएं  होती हैं।

खाना खाते हुए लोग लोग बीच में पानी पीते हैं, जिसके कारण पेट की दिक्कतें होने लगती हैं।

खाने के साथ लोग अक्सर कोल्ड कॉफी या कोल्ड ड्रिंक्स पीते हैं, जो कि सेहत के लिए नुकसानदेह साबित होती हैं। खाने के साथ ठंडी चीजें पेट के सिस्टम को बिगाड़ देती हैं।

आजकल लोग मैदे का सेवन ज्यादा करने लगे हैं जो कि पेट की आधी से ज्यादा बीमारियों की वजह है।

### पेट की बीमारी कैसे सही करें?

अनाज का सेवन 1 दिन में सिर्फ 2 बार करें। इसके अलावा भूख लगने पर आप फ्रूट्स और सलाद का सेवन करें, ऐसा करने से पेट को पर्याप्त मात्रा में फाइबर मिलेगा।

अलग-अलग वैरायटी के फ्रूट्स अपनी डाइट में शामिल करें, इससे शरीर में अच्छे वैरायटी बैक्टीरिया बनेंगे जो भोजन पचाने में मदद करते हैं।

चाय या कॉफी कभी भी खाली पेट न पिएं। पेट के लिए ये नुकसान करती है। चाय पीने से एसिडिटी की समस्या  बढ़ जाती है।

अगर आपको चाय पीना पसंद है तो इसे हमेशा नाश्ते के बाद लें।

खाना अच्छे से चबाकर खाना चाहिए। इससे डाइजेशन अच्छा होता है।

महीन आटे की रोटी के बजाय मोटा पिसा आटे की रोटी खाएं।

बार-बार कुछ खाने का मन हो तो फ्रूट्स खाएं। मार्च से अक्टूबर के महीने में आप गेहूं के साथ जौ का आटा मिलाकर इस्तेमाल करें। रोजाना के आटे में बेसन मिलाकर न खाएं। बेसन भारी अनाज है जो पेट को भारी कर सकता है।

# बच्चे को बार-बार हो जाता है निमोनिया, तो बचाव के लिए अपनाएं ये तरीके





निमोनिया हमारे फेफड़ों का एक संक्रमण है, जो फेफड़ों के अंदर तरल पदार्थ या बलगम के जमा होने के कारण होता है। निमोनिया अधिकतर बच्चों को ज्यादा परेशान करता हैं। निमोनिया होने पर बच्चों की छाती में कफ जमा हो जाता हैं, जिस कारण उन्हें खांसी होने के साथ कई तरह की समस्याएं होती हैं। निमोनिया श्वसन में वायरस, बैक्टीरिया के कारण भी हो सकता हैं। वैसे, तो बच्चे को निमोनिया कभी भी हो सकता है। लेकिन सर्दी में इसका खतरा कई गुना बढ़ जाता हैं। ऐसे में बच्चों को निमोनिया से बचाव के लिए कुछ तरीकों को फॉलो किया जा सकता हैं। इन तरीकों को फॉलो करने से बच्चों को निमोनिया होने के चांसेज कम होगें। इन तरीकों के बारे में जानने के लिए हमने बात की शारदा क्लीनिक के फिजिशियन डॉक्टर केपी सरदाना से।

### हैंडवॉश

नियमित हैंडवॉश बीमारियों से बचाव के लिए एक सुरक्षित तरीका है। बच्चों को हैंडवॉश करने की आदत डालने से श्वसन तंत्र में वायरस, बैक्टीरिया जाने से रोकेगा। ऐसा करने से बच्चों में निमोनिया होने से बचेगा। बाहर जाने के बाद और खाने से पहले बच्चों को हैंडवॉश करने की आदत डालें।

### उचित दूरी

अपने बच्चे को हमेशा संक्रमित लोगों के संपर्क में आने से बचना सिखाएं। ऐसा करने से वह कई तरह की संक्रामक बीमारियों से बच जाएंगे। यदि वे स्कूल या खेल के मैदान में हैं, तो उन्हें बार-बार हाथ धोने के बारे में बताएं। साथ ही नाक और मुंह को मास्क से ढकने और पर्सनल चीजों को शेयर करने से बचने के लिए कहें।

### हेल्दी आदत

किसी भी तरह की बीमारियों से बाचव के लिए हेल्दी आदतों को फॉलो करना चाहिए। बच्चों को हेल्दी डाइट के साथ नियमित व्यायाम करने की आदत भी डालें। बच्चों की डाइट में हरी सब्जियां, फल और नट्स का जरूर दें।

### दवाई का सेवन

निमोनिया होने पर बच्चों को समय पर दवाई जरूर दें। बच्चे को रोजाना सही समय पर और पूरे निर्धारित कोर्स पूरा होने तक दवाई दें। दवाई का सेवन केवल डॉक्टर के परामर्श पर ही बच्चे को दें। निमोनिया खत्म होने पर भी बच्चे को एक बार डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

### हाइड्रेट रखें

निमोनिया होने पर बच्चे की भूख काफी कम हो जाती है या फिर खाने की इच्छा कम होती है। ऐसे में पेरेंट्स को बच्चों की डाइट के साथ उसकी हाइड्रेशन का भी ख्याल रखना चाहिए। बॉडी हाइड्रेट रहने से तेजी से ठीक होने में मदद मिलती हैं।बच्चे को निमोनिया से बचाव के लिए इन तरीकों को फॉलो कियाजा सकता हैं। हालांकि, समस्या होने पर डॉक्टर को दिखाएं।

# क्या जोर-जबरदस्ती कर बच्चों के हिलते दांत तोड़ना सही है



यह बात तो हम सभी जानते हैं कि दूध के दांत टूटते हैं और नए मजबूत दांत आते हैं, जो कि बुढ़ापे तक मजबूती से टिके रहते हैं। जैसे ही बच्चों के दांत हिलने लगते हैं, घर के हर सदस्य की नजर बच्चे के हिलते हुए दांत पर पहुंच जाती है। कुछ लोगों का मानना है कि बच्चों के हिलते दांतों को जबरदस्ती तोड़ना सही नहीं। जबकि कुछ पेरेंट्स ऐसे भी हैं, जो जोर-जबरदस्ती कर बच्चों के हिलते दांत को तोड़ देते हैं। इसके पीछे, उनकी सोच है कि अगर हिलते दांत को न तोड़ा गया, तो इससे नए दांत टेढ़े-मेढ़े आते हैं। अब यहां सवाल यह उठता है कि क्या बच्चों के हिलत दांतों को जबरदस्ती तोड़ा जाना सही है? कहीं इसका कोई नकारात्मक असर बच्चे की ओरल हेल्थ पर तो नहीं पड़ता है? आइए, इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

### क्या बच्चों के हिलते दांत तोड़ने से कोई नुकसान होता है?

हडसन वेली पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्रि के अनुसार, ÷बच्चों का दांत हिलना एक सामान्य प्रक्रिया है। हर बच्चे को इससे गुजरना पड़ता है। कई पेरेंट्स जबरन बच्चों के हिलते दांत को तोड़ने की कोशिश करते हैं। ऐसा किया जाना सही नहीं है। इससे दांत का कुछ हिस्सा अंदर मसूड़े में फंसा रह सकता है, दांत की पोजिशन बिगड़ सकती है, जोर-जबरदस्ती करके दांत तोड़ने से मसूड़ों को भी नुकसान हो सकता है। आपको बता दें कि बच्चों के मसूड़े और कनेक्टिव टिश्यूज काफी कमजोर होते हैं। वहां जोर-जबरदस्ती की जाए, तो बच्चे को चोट लग सकती है, बहुत ज्यादा ब्लीडिंग हो सकती है ओर मसूड़ों में दर्द भी हो सकता है।÷

अगर बच्चे का दांत हिल रहा है, तो आप उसे कह सकते हैं कि अपने दांत को हल्के हाथों से हिलाए या फिर जीभ की मदद से हिलाए। लेकिन, उन्हें कहें कि बहुत तेजी से न हिलाएं, इससे दर्द हो सकता है।

बच्चे का दांत काफी ज्यादा हिल गया है, लेकिन टूट नहीं रहा है, तो ऐसे में आप उन्हें कोई सख्त चीज खाने के लिए दे सकते हैं। उन्हें साबुत सेब खाने के लिए दें। सेब को काटते वक्त दांत से प्रेशर बनता है, जिससे हिलता दांत टूट सकता है।

अगर बच्चे को दांत हिलाते वक्त दर्द हो रहा है और उन्हें खाना चबाने में दिक्कत आ रही है, तो आप उन्हें खाने की चीजें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दें। इससे उन्हें चबाने के दौरान दर्द नहीं होगा।

दांत हिलने के बावजूद बच्चे के कहें कि सामान्य तरीके से ही अपने दांतों को ब्रश करें और रेगुलर फ्लॉस भी करें। दांतों की साफ-सफाई के लिए रेगुलर ओरल क्लीनिंग रूटीन फॉलो करना जरूरी होता है।

# भिलाई निगम क्षेत्र में वन महोत्सव का आयोजन

**भिलाईनगर (समय दर्शन)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को हरा-भरा रखने के लिए 1 से 7 जुलाई तक विशेष वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक एवं अध्यात्मिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, औद्योगिक चेम्बर ऑफ कार्मस के सदस्यो के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रो में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संजय नगर तालाब, नेहरू नगर समता उद्यान के समीप, कोहका भेलवा तालाब, स्मृति नगर नहर किनारे, शांति नगर, प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व व पश्चिम के उद्यानों, कुरूद ढॉचा भवन तालाब के किनारे, कुरूद शीतला तालाब एवं शहर के अन्य विभिन्न स्थलों पर वृक्षोरोपण किया जा रहा है। बीएसपी क्षेत्र में खुर्सीपार बी.एस.पी. कन्या शाला, सेक्टर 1 अम्बेडकर उद्यान, सेक्टर 4, सेक्टर 10 सड़क 33 आदि क्षेत्रो में भी पेड़ लगाए जा रहे है। इस अभियान में विभिन्न शासकीय संस्थाओ, स्कूलो, आंगनबाड़ी केन्द्रो, कालोनियों, अस्पताल परिसर, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, गौठानो, तालाबों, रोड़



किनारे, उद्यानों, नहर किनारे एवं व्यवसायिक क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई का प्रयास है कि देशी वृक्ष मुख्य रूप से नीम, करंज, अमलताश, पुत्रजीवा, गुलमोहर, पेल्ट्राफर्म, बादाम, कचनार, जामुन, मौलश्री जैसे महत्वपूर्ण पौधे ही रोपित किये जा रहे है। ये पौधे भौगोलिक वातावरण के रूप से हमारे शहर, प्रदेश एवं मानव जीवन के अनुकुल हैं। ये सब वृक्ष आसानी से बढ़ जाते है।

निगम भिलाई के साथ वृक्षारोपण करने वाली सहयोगी संस्थाएं परमार्थी संस्था, आर्टकॉम, पर्यावरण मित्र मण्डल, सर्व धर्म सेवा संस्था, ऑक्सीजोन, नई पहल, शपथ फाउन्डेशन आदि का मिल के काम कर रही है। वैशाली नगर विघायक रिकेश सेन ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर क्षेत्र को हरा भरा रखने एवं जल संरक्षण हेतु पुराने कुंओ को पुन: जीवित करने एवं नये कुओ का निर्माण करने पर विशेष बल दिया है। महापौर नीरज पाल ने कहां है कि कि अभी समय है, सही समय है वन महोत्सव में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का। इन पेड़ो से जीवन खुशहालमय होगा। पेड़ पौधो से रोटी, कपड़ा और मकान सभी की आपूर्ति होती है, जो हमारे एवं आने वाली पीढ़ि के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देशित किये है कि सभी संगठनो से समन्वय बनारक वृक्षो को लगाना है और बचाना है। लगाये गये पेड़ जीवित है कि नहीं इसका भी हिसाब होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना प्राचार्य चल रहा है सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी स्कूल



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी सरकारी स्कूलों में 26 जून को प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसी तारतम्य में सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में भी बड़े बड़े जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव बड़े धुमधाम से मनाया गया, लेकिन हैरत की बात यह है कि इस स्कूल में कोई स्थायी प्राचार्य की विधिवत् नियुक्ति नहीं हुआ है, यानि शहर के सबसे प्रसिद्ध अंग्रेजी स्कूल बिना प्राचार्य के ही संचालित हो रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा जिसे भी इस स्कूल में प्रभारी प्राचार्य का चार्ज संभालने भेजा जा रहा है, वह कुछ दिन में रवाना हो जा रहा है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने आपत्ति दर्ज कराई है। श्री पॉल का कहना है कि प्रवेश उत्सव मनाने के बाद अब जब बच्चे प्रवेश पाने स्कूल पहुंचे रहे है, तो स्कूल के जिम्मेदार कर्मचारियों के द्वारा पालक व बच्चों को वर्तमान में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य रश्मि सिंह से फोन से संपर्क करने की सलाह दिया जा रहा है, क्योंकि प्रभारी प्राचार्य प्रतिदिन सिर्फपांच मिनट के लिए ही स्कूल आ रही है। श्री पॉल ने बताया कि रश्मि सिंह मासूल हाई स्कूल की प्राचार्या है, क्योंकि उनका वेतन उसी स्कूल के प्राचार्य के पद से निकल रहा है, जहां वह कभी पढ़ाने गई ही नहीं, जिसकी लिखित शिकायत स्थानीय लोग के द्वारा भी जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी से किया जा चुका है। श्री पॉल ने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से आग्रह किया है कि रश्मि सिंह की नियुक्ति को जनहित में सार्वजनिक किया जावे, ताकि पालकों और बच्चों को यह जानकारी मिले कि रश्मि सिंह आखिर किस स्कूल की प्राचार्या है।

### एलआईसी खैरागढ़ शाखा ने किया भुलाटोला स्कूल में वृहद वृक्षारोपण



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** आज जुलाई माह की शुरुआत व बारिश की छीटों के मध्य शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भुलाटोला में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) खैरागढ़ शाखा के द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम कर ग्रामवासियों व छात्र-छात्राओं को प्रकृति से जुड़ाव हेतु प्रेरित किया गया। जिसमें एलआईसी की ओर से मुख्य रूप से खैरागढ़ शाखा के प्रबंधक देवेन्द्र कुटारे, विकास अधिकारी सय्यद शौकत अली व बीमा अभिकर्ता एवं सलाहकार नित्य शरण सिंह शामिल थे। साथ ही माध्यमिक शाला भुलाटोला की प्रधान अध्यापिका श्रीमती संध्या सिंह, अध्यापक अशोक जंघेल सहित अन्य सभी अध्यापकगण व सभी छात्र-छात्राएं भी शामिल थे। वृक्षारोपण के उपरांत एलआईसी परिवार की ओर से शाला को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीण स्वयंसेवी संस्थान से जुड़े युवा दानी कुमार जंघेल व मनभावन वर्मा को भी उत्कृष्ट कार्यो हेतु शाखा प्रबंधक देवेन्द्र कुटारे व विकास अधिकारी सय्यैद शौकत अली के द्वारा क्रमश: पदक (मेडल) के द्वारा सम्मानित किया गया। अध्यापकगणों के द्वारा इस कार्य हेतु एलआईसी परिवार का आभार व्यक्त किया गया।


### एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी)

**रायपुर।** एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड (कंपनी, ईआईईएल) ने 26 जून, 2024 को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी सरकारी अथॉरटी / विभाग के लिए Water and Wastewater Treatment Plants (WWTPs) और Water Supply Scheme Projects (WSSPs) के डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव के व्यवसाय में है। कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 /- प्रत्येक) के माध्यम से धन जुटाने का प्रस्ताव करती है, जिसमें 4,42,32,000 इक्विटी शेयरों तक के नए निर्गम और 52,68,000 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। (कुल निर्गम आकार) कंपनी नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित के लिए करने का प्रस्ताव करती है: कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करना; (ii) अपनी सहायक कंपनी, EIEL मथुरा इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड (ईआईईएल मथुरा) में उत्तर प्रदेश के मथुरा में 'मथुरा सीवरेज योजना' नामक परियोजना के तहत 60 60 MLD STP बनाने के लिए धन का निवेश करना, जिसमें Hybrid Annuity Based PPP मोड के माध्यम से 15 वर्षों के लिए संचालन और रखरखाव शामिल है।

# सारंगढ़ के नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम के बचाव के लिए भाजयूमो नेता नयन मिले प्रभारी मंत्री से

**प्रभारी मंत्री को नए स्टेडियम की दुर्दशा से अवगत करा उचित जांच एवम उचित रख रखाव की मांग की**

**सारंगढ (समय दर्शन)।** जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के आगमन पर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छत्तीसगढ़ नयन बेहार ने सारंगढ नगरपालिका अंतर्गत नवीन इंडोर स्टेडियम की जर्जर अवस्था से माननीय प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को अवगत कराया व जल्द से जल्द इसे खिलाड़ियों को व्यवस्था सुधार कर सुपुर्द किया जाए इसकी मांग की एवं निर्माण कार्य की गुडवत्ता की जांच कर



अधिकारी एवं ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही हो इसकी मांग की।

# प्रवेश उत्सव को यादगार बनाने विधायक गजेंद्र ने बच्चों के साथ किया पौधारोपण

**दुर्ग (समय दर्शन)।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय दीपक नगर में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे विधायक गजेंद्र यादव ने विद्यार्थियों को कॉपी किताब भेंटकर स्कूल प्रवेश कराया। उन्होंने सभी बच्चों से परिचय लेते हुए बातचीत। बच्चों के साथ इस खास मौके को यादगार बनाने स्कूल परिसर में छायादार पौधा रोपे। सरस्वती पूजन के पश्चात विधायक ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि सरकारी स्कूल के शिक्षक कम संसाधनों में बेहतर परिणाम देते हैं और देश के अधिकांशत: आईएएस, आईपीएस अधिकारी सरकारी स्कूलों से ही पढ़े हुए होते हैं। उन्होंने बच्चों को अच्छे



से पढ़ने के लिए प्रेरित किये और अनुशासन का पाठ सिखाया। स्कूल प्रबंधन को आश्वस्त किया कि बच्चों की पढ़ाई बेहतर हो स्कूल में जो भी कमी है उसे प्राथमिक से पूरा किया जाएगा। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को पुस्तक के साथ गणवेश वितरण किये। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मीना सिंह (पार्षद दीपक नगर), चंद्रशेखर शास्त्री भी उपस्थित थे। रही। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य शेफाली सोनी ने की।

# निगम का अभियान, 9500 जुर्माना वसूला



**सड़क की जमीन से नहीं हटाया मटेरियल, 6000 फाइन**

**रिसाली (समय दर्शन)।** कृष्णा टॉकिज मुख्य सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर भवन निर्माण सामाग्री रखने वालों के खिलाफरिसाली निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वैभव ट्रेडर्स के संचालक से 6000 जुर्माना राशि वसूल की है। वहीं पंद्रह दिनों के अंदर निर्माण सामाग्री हटाने चेतावनी दी गई है।

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने आवाजाही को प्रभावित करने और सड़क नाली की जमीन पर से अतिक्रमण हटाने निर्देश दिए है। पहले दिन राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा के नेतृत्व में टीम ने वर्षो से सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर व्यापार करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की। दरअसल तीन दिन पहले निगम ने भवन निर्माण सामाग्री को हटाने नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी सामाग्री यथावत होने पर कार्रवाई की गई। इसीतरह निगम के तोड़ू दस्ता विभाग ने धनोरा रोड स्थित सड़क किनारे टाइल्स रखने पर गोवर्धन सिंह से 3000 जुर्माना वसूला। इस कार्रवाई में ए आर आई टिकेन्द्र वर्मा, टेमन दिल्लीवार, डिलेश व भीखम यादव शमिल थे।

**चलित मटन दुकान को हटाया-** नागरिकों की शिकायत थी कि धनोरा रोड में ऑटो चालक फेरी लगाकर मटन बेचता है। भ्रमण के दौरान ऑटो चालक मिलने पर 500 जुर्माना वसूल कर रिहायशी क्षेत्र में ऑटो खड़ी कर मटन बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया।

**अब नहीं होगी दुर्घटना-** धनोरा रोड हिंद तालाब मोड़ के निकट लगे पान ठेला को भी हटाया गया। नागरिकों ने शिकायत की थी पान ठेला सड़क किनारे है। ग्राहक सड़क पर दुपहिया वाहन रख देते है। इस वजह से आए दिन दुर्घटना होती है। निगम ने शिकायत के आधार पर बेदखली कार्रवाई की।

**इन्हे दिया नोटिस-** वार्ड 27 हनुमान मंदिर पहुंच मार्ग पर घरों के सामने जाली लगाकर फुलवारी तैयार किया गया है। इस वजह से मार्ग अवरूद्ध हो गया। निगम ने 3 दिन का समय देते स्वत: जाली हटाने नोटिस जारी किया है। जाली नहीं हटाने पर निगम का तोड़ू दस्ता जाली को निकाल कर जब्त करने की कार्रवाई करेगा।

# हरियर तुमगांव के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मुक्तिधाम में वृक्षारोपण

**तुमगाँव (समय दर्शन)।** नगर पंचायत तुमगांव में जय माँ शीतला आधार युवा शक्ति के सदस्यों द्वारा लगातार कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण का कार्य नगर के सार्वजनिक स्थानों में हर वर्ष वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधे लगाये जाते है,और उनकी सेवा का संकल्प कर देख रेख किया जाता है। इस वर्ष भी नगर में जय माँ शीतला आधार युवा शक्ति द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर के जन्मदिन के शुभ अवसर पर हरियर तुमगांव अभियान का शुरुआत करते हुए नगर के प्रमुख स्थान मुक्तिधाम में 60 पौधे घेरा के साथ नगर उपाध्यक्ष पप्पू पटेल सभापति,एवं जय माँ शीतला आधार युवा शक्ति टीम प्रमुख धर्मेन्द्र यादव एवं नगर के वरिष्ठ बुजुर्ग गण, युवा साथी भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्तागणो की उपस्थित में पौधारोपण किया गया।

सभी लोगो ने केंद्र की मोदी सरकार के आव्हान पर एक एक



पेड़ अपने माँ के नाम से वृक्षारोपण किया और उसे सुरक्षित रखने का संकल्प लिया ।मुक्तिधाम में कुल 70 विशाल पेड का वृक्षारोपण किया गया ताकि नगर में हरयाली बनी रहे।

हरियर तुमगांव वृक्षारोपण अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सके इस प्रकार हरियर तुमगांव अभियान का शुरुआत नगर के मुक्तिधाम में किया गया ।आने वाले बरसात में लगातार वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा । समय समय मे मुक्तिधाम का सौन्दर्यीकरण के माध्यम से कायाकल्प कराया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेन्द्र यादव ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी ख़िरसागर नायक, वरिष्ठ जन उदयराम साहू, किसन साहू, रजउ धीवर, फत्ते निर्मलकर, चैतराम ध्रुव, शिव यादव, जीवराखन यादव, लालसिग यादव, पुष्कर यादव, तीरथ साहू, कलीराम साहू, युवा साथी द्रोणाचार्य साहू, डोमार पटेल, राजू साहू, शत्रुघ्न यादव, उत्तम निर्मलकर ,भुनेश्वर साहू ,उत्तम साहू, पप्पू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तीन नए कानून के प्रसार प्रचार के लिए जागरूकता रथ रवाना किया

**कवर्धा (समय दर्शन)।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार एक जून 2024 को सहसपुर लोहारा के नवीन पुलिस थाना भवन परिसर का लोकार्पण किया और आज से ही लागू तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के प्रसार प्रचार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा सोमवार को जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान कहा कि इन कानूनों का उद्देश्य क्षेत्र की सुरक्षा, विकास और सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करना है। जागरूकता रथ के माध्यम से जनता को इन कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी, जिससे वे इनके लाभ और महत्व को समझ सकें। सरकार पूरी तरह से इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है और हमें उम्मीद है कि इनसे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव विशेष रूप



से उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री ने सहसपुर लोहारा में नवीन पुलिस थाना भवन का लोकार्पण किया और नवीन पुलिस थाना भवन लोकार्पण की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने लोकार्पण करने के बाद थाना भवन का निरीक्षण किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह नया थाना भवन क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस भवन से पुलिस बल को अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संपन्न करने में सहायता मिलेगी। इस तरह के प्रयास स्थानीय निवासियों के बीच सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देते हैं और सरकार की कानून और व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा



कि कानून वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरल करने के लिए लाया गया है। नये तीनों कानून, न्याय और नागरिक सुरक्षा के लिए लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नये कानून के साथ हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगे तो ज्यादा बेहतर काम कर पाएंगे। उन्होंने आज 1 जुलाई से लागू होने वाले नये आपराधिक कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यतरू पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए परिवर्तन किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों को प्रक्रिया का पालन करते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी।

# हिंदू समाज पर विवादित बयान को लेकर आक्रोशित विहिप ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** लोकसभा में हिंदू समाज पर दिए विवादित बयान को लेकर मंगलवार को विहित ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान विहिप कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की ओर विवादित बयान के लिए माफी मांगने की मांग की। सोमवार को संसद में अपने भाषण के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि था ही जो लोग अपने आप को हिंदू कहते है वे 24 घंटे हिंसा हिंसा हिंसा, नफरत नफरत नफरत, असत्य असत्य असत्य करते है। राहुल गांधी के इस विवादित बयान से बाद से देश में भाजपा, विहिप सहित कई हिंदू संगठन ने आपत्ति जताई थी। पीएम मोदी ने भी इस पर तत्काल विरोध जताया था। लेकिन अब तक कांग्रेस नेता ने अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगी न ही इसे वापिस लिया। इसके चलते हिंदू संगठनों विशेषकर विहिप में जमकर आक्रोश है। विहिप ने इसके विरोध में आज शाम तिरंगा चौक में राहुल गांधी का पुतला फुंका। जमकर राहुल गांधी



मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान विहिप ने कहा कि चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी अपनी मानसिकता को चुके हैं। संसद में वे गैर जिम्मेदाराना और विवादित बयान दे रहे हैं। हिंदू समाज को हिंसक कहना उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है। हिंदू समाज सर्वे भवन्तु सुखिन का संदेश देता है, यह समाज आदिकाल से शिक्षा संस्कार और सद्भाव का से प्रवाहक रहा है। केवल तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हिंदू समाज को हिंसक कहना कदापि बर्दास्त नही किया जा सकता। विहिप उनके बयान की कड़ी शब्दो में निंदा करती है। उन्होंने कहा की राहुल गांधी को अपने विवादित बयान के लिए देश से मांफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रकाश निर्मलकर, बेदराम नंदे, अनिल चंद्राकर, वेशनारायण पाण्डेय, रिखीराम यादव, सुरेंद्र सोनटेके, दीनू सिन्हा, अनूप भोंसले, पुष्पक देवांगन, धनंजय नेताम, सुमित पारख, वंश गोपाल सिन्हा, प्रह्लाद ठाकुर, प्रकाश यादव, अभिमन्यु ध्रुव, धनराज विश्वकर्मा, संजू साहू, विनोद नेताम, मुकेश सिन्हा, पुरषोत्तम ध्रुव, नवीन सिन्हा, प्रकाश सोनी, भानु सिंह राजपूत, राज डे, भीम साहू, अमित बखरिया, नमन सेन, हेमंत निषाद, योगेश्वर निषाद, राजीव रंजन साकरे, तरुण ठाकुर।

## खबर-खास

# कलेक्टर अग्रवाल ने चिकित्सक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को किया सम्मानित

### सामाज को स्वस्थ रखने में चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है - कलेक्टर



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने चिकित्सकां को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना रूके,बिना थके नि:स्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करें।लोग चिकित्सकों को भगवान के समान मानते है।उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जो स्वास्थ्य समस्या के चलते चिकित्सक के पास न पहुंचा हो।सामाज को स्वस्थ रखने में चिकित्सकों का अहम योगदान है। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव सहित चिकित्सक उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व कोरोना महमारी के दौरान मरीजों का उपचार चिकित्सकां ने दिन - रात अपनी जान की परवाह किये बगैर किया। इस दौरान चिकित्सक स्वयं कोरोना की चपेट पर आये और मरीजों की जान बचाएं। कोरोना जैसे गंभीर महमारी से बाहर निकालने की बड़ी जिम्मेदारी चिकित्सकों पर थी। कोरोना सहित अन्य महमारी को हराने में चिकित्सक सबसे बड़े योद्धा के रूप में लड़े। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही आपका असली धन है। और लोग स्वस्थ रहे इसे चिकित्सक उपचार कर सुनिश्चित करते है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा चिकित्सकीय पेशा बहुत चुनौतीपूर्ण है। हर आपदा या मुश्किल समय में रात-दिन चिकित्सक पूरी निष्ठा व ईमानदारी से लोगों का कल्याण करें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने चिकित्सकीय क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान देने वाले डॉ.मुकेश कुमार हेला,डॉ.गार्गी यदु पाल,डॉ. हरीश कुमार चौहान,डॉ.टीसी पात्रे,डॉ.अंकुश वर्मा,डॉ. जीएस ध्रुव,डॉ.एमएस ठाकुर,डॉ.चेतन नाग,डॉ. नेहा शर्मा,डॉ.कीर्तन साहू,डॉ.अमन होमने,डॉ.डीपी सिंह एवं फिजियो थैरेपिस्ट डॉ. मदन परते को सम्मानित किया।

# देशी शराब की बोतल में निकला कीड़ा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में शराब की बोतल में कीड़े मिलने का मामला सामने आया है। मामला रामपुर देशी शराब दुकान का है। मिली जानकारी के अनुसार अमरैया पारा निवासी रामेश्वर कुमार ने बताया कि वह बालको काम करने जा रहा था। इस दौरान वह रामपुर स्थित देसी शराब दुकान से शराब लिया। जहां शराब लेने के बाद कुछ दूर जाकर उसने देखा तो उसे बोतल के अंदर कीड़ा नजर आया। जिसकी शिकायत उसने देसी शराब दुकान के मैनेजर से की।

# प्राथमिक शाला खट्टी में मनाया गया पढ़ई तिहार



## अंगना म शिक्षा बहुत ही अच्छी योजना-गिरीश शर्मा

**गरियाबंद (समय दर्शन)** पढ़ई तिहार के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में आज अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि जानकी बाई ध्रुव,अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति थी स्मार्ट माता के रूप में धनेश्वरी साहू का चयन कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के आरम्भ में अंगना म शिक्षा व पढ़ई तिहार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये प्रभारी प्रधान पाठक गिरीश शर्मा ने बताया कि राज्य शासन एवं स्कूल शिक्षा की यह बहुत ही अच्छी योजना है।अँगना म शिक्षा योजना छत्तीसगढ़ राज्य की योजना है।योजना का उद्देश्य छोटे बच्चों की माताओं को घर पर ही बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस आयोजन में ग्राम की माताओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा छुट्टियों एवं अन्य दिनों में किस तरह घर मे ही रहकर बच्चो को खेल खेल में अध्ययन अध्यापन से जोड़कर रखा जाए यह गतिविधि की गई।अंगना म शिक्षा के तहत माता उन्मुखीकरण आदि आयोजन समय समय पर किया जाता है उसी कड़ी में पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया इसमें उपस्थित माताओं को अंगना म शिक्षा के महत्त्व से परिचित कराया गया तथा किस तरह से घर मे भी बच्चो को शिक्षा से जोड़कर रखा जा सकता है यह गतिविधि कराई गई।कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने अपने बच्चो से गतिविधि करा कर अंगना म शिक्षा नाम को साकार किया।कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक गिरीश शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन सहायक शिक्षक नारायण चंद्राकर ने किया,इस अवसर पर जानकी बाई ध्रुव,धनेश्वरी साहू,राधिका बाई,साधना चंद्राकर,सुमित्रा बाई ध्रुव,सरस्वती ध्रुव,डिगेश्वरी ध्रुव,दुर्गेश्वरी ध्रुव,दीपक ध्रुव,मानकी कमार,नारायण चंद्राकर,तामेश्वर यादव आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा की



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 में संचालित किये जाने वाले कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक 28 जून को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा एजेण्डावार जिले में पंजीकृत एक्टिव एवं इनएक्टिव वीटीपी सहित प्रधानमंत्री - मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25,पी.एम.विश्वकर्मा वित्तीय वर्ष 2024-25, प्रधानमंत्री जन-मन वित्तीय वर्ष 2024-25, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत प्राप्त आबंटन,आय-व्यय, वन अधिकार अधिनियम,2006 अंतर्गत युवाओं का कौशल प्रशिक्षण एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सहायक संचालक-जिला कौशल विकास प्राधिकरण लाईवलीहुड कॉलेज सृष्टि मिश्रा, महाप्रबंधक-उद्योग एवं व्यापार केन्द्र दिनबंधु ध्रुव,श्रम पदाधिकारी-श्रम विभाग ऐलन मिंज,कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अशोक पाण्डेय,उप संचालक समाज कल्याण विभाग डीपी ठाकुर,एसडीओ-वन विभाग,टेक्निशन-ग्रामोद्योग विभाग,सीटी मिशन मैनेजर एनयुएलएम,सहायक संचालक-रेशम विभाग एवं प्रशिक्षण अधिकारी-आई.टी.आई. गरियाबंद आदि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## //न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.//

//ईश्तहार//

**राजस्व प्रकरण ब/121 वर्ष 2024**

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अनिल गायकवाड़ पिता स्व. गिरधारी लाल गायकवाड़ निवासी गुढ़ियारी तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे माता स्व. सतरूपा बाई पति स्व. गिरधारी लाल का मृत्यु दिनांक 15.03.2000 को ग्राम गुढ़ियारी प.ह.न. 28 तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः अनिल गायकवाड़ पिता स्व. गिरधारी लाल गायकवाड़ निवासी गुढ़ियारी तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15/07/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी।

**जारी दिनांक 28.06.2024**
**पेशी दिनांक 15.07.2024**

मुहर

**तहसीलदार**
**पाटन, जिला- दुर्ग (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. मुरारी लाल श्रीवास्तव निवासी ए-503 श्रीराम हाइट्स कैलाश नगर भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम रविन्द्र श्रीवास्तव पिता स्व. मुरारी लाल श्रीवास्तव रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम रविन्द्र श्रीवास्तव पिता स्व. मुरारी लाल श्रीवास्तव से ही जाना पहचाना जावे।

**रविन्द्र श्रीवास्तव**
**ए-503 श्रीराम हाइट्स,**
**कैलाश नगर भिलाई,**
**जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

## // न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)//

//उद्घोषणा//

**रा.प्र.क्र./202405100400311 / अ-6-अ/वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी रा. महोदय के रा.प्र. क्रमांक 202405100400311 /अ-6-अ/वर्ष 2023-24 आवेदिका रेखा गुप्ता पति स्व. अनिल कुमार गुप्ता निवासी प्लाट नंबर 74/2. वार्ड नं.- 03. वी.आई.पी. नगर रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.नं 53 स्थित भूमि खसरा नंबर 601/19 रकबा 0.011 हे. जो कि आवेदिका व अन्य के नाम पर राजस्व अभिलेख एवं ऑनलाईन में भूमिस्वामी हक में दर्ज है किंतु सहखातेदार नीरज गुप्ता नाबालिग है जिसका नाम त्रुटिवश बालिग दर्ज किया गया है का लेख करते हुए त्रुटि सुधार कर रिकॉर्ड अद्यतन किये जाने आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राप्त।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.07.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनाक 28.06.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**दुर्ग**

## न्यायालय तहसीलदार दुर्ग

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.- 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी 202324430103900196

//ईश्तहार//

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमि स्वामी तुलसी राम पिता/पति- स्व. रामदयाल पता-बजरंग नगर, दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 684/47 (0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती पुष्पा ढीमर पिता/पति-स्व. तुलसी राम ढीमर पता-शिवपारा, दुर्ग, त्रिलोक कुमार सपहा, हेमंत कुमार सपहा पिता/पति-स्व.तुलसी राम ढीमर पता-शिवपारा, दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**दुर्ग**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.202406104300094/ अ-2/ वर्ष 2024 ग्राम- जामुल, प.ह.नं 01, तहसील भिलाई 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कौशल्या मानकर पति रामलाल मानकर, जाति- मरार, निवासी वार्ड 14, जामुल के द्वारा ग्राम जामुल, प.ह.नं 01, रा.नि. मं- जामुल, तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 552/78, रकबा 0.009 हे. को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 08.07.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 08.07.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**भिलाई-03**

## मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00003 नगपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी 202324430105900083

//ईश्तहार//

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम नगपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी उर्वशी पिता/पति-श्याम रतन पता-नगपुरा, खेमलाल पिता/पति-टेटकु पता-नगपुरा, बहुरसिंग पिता/पति-टेटकु पता-नगपुरा, चित्रकांत पिता/पति-श्याम रतन पता-नगपुरा, जनकबाई पिता/पति-टेटकु पता-नगपुरा ताम्रध्वज पिता/पति-श्यामरतन पता-नगपुरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 308 (1.0900), 1571(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जनकबाई पिता/पति-टेटकु पता-नगपुरा, बहुरसिंग पिता/पति-टेटकु पता-नगपुरा, उर्वशी पिता/पति-श्याम रतन पता-नगपुरा, खेमलाल पिता/पति-टेटकु पता-नगपुरा, चित्रकांत पिता/पति-श्यामरतन पता-नगपुरा, ताम्रध्वज पिता/पति-श्यामरतन पता-नगपुरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**दुर्ग**

## न्यायालय नायब तहसीलदार

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00010 बोड़ेगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आडी 202324430101900009

//ईश्तहार//

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00010 के अंतर्गत ग्राम बोड़ेगांव के वर्तमान भूमिस्वामी मिनेष कुमार ताम्रकार पिता/पति-स्व. भागवत प्रसाद ताम्रकार पता-नंदनी रोड लक्ष्मीपारा एसीसी, जामुल तह. व जिला दुर्ग, दीपा तामक्रार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ फगुवा प्रसाद पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा, अरुण ताम्रकार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ फगुवा प्रसाद पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा, संतोष ताम्रकार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ फगुवा प्रसाद पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा, प्रदीप ताम्रकार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ फगुवा प्रसाद पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा, अनिल ताम्रकार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ फगुवा प्रसाद पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा, गजरा बाई ताम्रकार पिता/पति-स्व. भागवत प्रसाद ताम्रकार पता-नंदनीरोड लक्ष्मीपारा एसीसी, जामुल तह. व जिला दुर्ग, समीक्षा तामकार पिता/पति-संजय तामकार पता-नवागढ़ जिला बेमेतरा, चंचल ताम्रकार पिता/पति-स्व. भागवत प्रसाद ताम्रकार पता-नंदनी रोड लक्ष्मी पारा एसीसी, जामुल तह. व जिला दुर्ग, दिक्षा ताम्रकार पिता/पति-संजय ताम्रकार पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा, देवकी ताम्रकार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ, फगुवा प्रसाद पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा, सौरभ ताम्रकार पिता/पति-स्व. भागवत प्रसाद ताम्रकार पता-नंदनी रोड लक्ष्मी पारा एसीसी जामुल तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 10/6(0.3300), 156/14(0.1600), 156/6(0.1600) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता समीक्षा ताम्रकार पिता/पति-संजय ताम्रकार पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा, संतोष ताम्रकार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ फगुवाप्रसाद पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा, गजराबाई ताम्रकार पिता/पति-स्व. भागवत प्रसाद ताम्रकार पता-नंदनी रोड लक्ष्मी पारा एसीसी, जामुल तह. व जिला दुर्ग, सरिता ताम्रकार पिता/पति-पति स्व. अनिल ताम्रकार पता-बोडेगांव, दीपा ताम्रकार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ फगुवा प्रसाद पता-नवागढ़ जिला- बेमेतरा, अंकित ताम्रकार पिता/ पति- पिता स्व. अनिल ताम्रकार पता-बोडेगांव, प्रदीप ताम्रकार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ फगुवा प्रसाद पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा, अरुण ताम्रकार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ फगुवा प्रसाद पता-नवागढ़ जिला- बेमेतरा, पूनम ताम्रकार पिता/पति-पिता स्व. अनिल ताम्रकार पता-बोडेगांव, मिनेष कुमार ताम्रकार पिता/पति-स्व. भागवत प्रसाद ताम्रकार पता-नंदनी रोड लक्ष्मी पारा एसीसी, जामुल तह. व जिला दुर्ग, चंचल ताम्रकार पिता/पति-स्व. भागवत प्रसाद ताम्रकार पता-नंदनी रोड लक्ष्मी पारा एसीसी, जामुल तह. व जिला दुर्ग, देवकी ताम्रकार पिता/पति-स्व. फागूराम उर्फ फगुवा प्रसाद पता-नवागढ जिला-बेमेतरा, जया ताम्रकार पिता/पति-पिता स्व. अनिल ताम्रकार पता-बोडेगांव, सौरभ ताम्रकार पिता/पति-स्व.भागवत प्रसाद ताम्रकार पता-नंदनीरोड लक्ष्मी पारा एसीसी, जामुल तह. व जिला दुर्ग, दिक्षा ताम्रकार पिता/पति-संजय ताम्रकार पता-नवागढ़ जिला-बेमेतरा के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**दुर्ग**

## //कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग//

**-: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना :-**

क्रमांक/ज.प्र.वि./2024-25/06 दुर्ग दिनांक 01.07.2024

नगर पालिक निगम, दुर्ग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नॉन एस.ओ.आर. दर पर निम्नांकित कार्य हेतु स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निम्नांकित तिथि को निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 08.07.2024
निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि :- 15.07.2024
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 22.07.2024
निविदा खोलने की तिथि :- 23.07.2024 शाम 04.00 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रूपए लाख में |
|---|---|---|
| 1. | 42 MLD Electric Cable Work Pump House to Transformer | रू. 15,25,941/- |
| 2. | 42 MLD Electric Cable Work UP to Pump House | रू. 14,28,636/- |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईड www.municipalcorporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग, बालोद

// निविदा आमंत्रण सूचना //

**कमांक- 3242 व.ले.लि./NIT- 02 /2024-25/बालोद दिनांक :- 01/07/2024**

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-12/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 18/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 22/07/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्यका नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत(रू.लाख में) अमानत राशि बैंक साल्वेंसी |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 02 T0009 | अनुविभाग कमांक 01 बालोद के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में सर्वे का कार्य | 4.78 3585.00 71700.00 |
| 02 T0010 | अनुविभाग कमांक 02 बालोद के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में सर्वे का कार्य | 3.27 2453.00 49050.00 |
| 02 T0011 | अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में सर्वे का कार्य | 2.13 1598.00 31950.00 |
| 02 T0012 | अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत पैरी फुलझर मार्ग के कि.मी. 4/2 में 100 एम एम डाया बोरिंग का कार्य | 2.99 2243.00 44850.00 |
| 02 T0013 | अनुविभाग कमांक 01 बालोद के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री एकत्रीकरण का कार्य | 5.00 3750.00 75000.00 |
| 02 T0014 | अनुविभाग कमांक 02 बालोद के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री एकत्रीकरण का कार्य | 5.00 3750.00 75000.00 |

**नियम व शर्ते :-**

**1) पंजीयन की छायाप्रति 2) पेन कार्ड की छायाप्रति 3) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 4) श्रमिक पंजीयन/ ई.पी.एफ. पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति (राजपत्रित अधिकारी/ नोटरी द्वारा) 5) निविदाकारों की श्रेणी "द" से "अ" निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750.00 एवं कार्य की अवधि "02 माह " होगी। 5) निविदा प्रपत्र के साथ Annexure-1, Annexure-2 & Annexure-3 फार्म भरना अनिवार्य होगा नही भरे जाने पर आपका निविदा प्रपत्र निरस्त किया जावेगा। (प्रपत्र संलग्न)**
**बजार सामग्री सप्लाई हेतु लो.नि.वि. में उपयुक्त श्रेणी में स्वीकृत एवं स्थानीय पंजीकृत विक्रेताओं (जिनको स्वयं का बाजार सप्लाई से संबंधित विक्रय हेतु दुकान हो (एन.आई.टी. क्रं. टी-0013 एवं टी-0014 के लिए लागू)**

G- 242500707/1

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि.बालोद संभाग बालोद**

## संक्षिप्त-खबर

### डॉक्टर्स डे पर उन्नति शाखा बसना द्वारा डाक्टरों का किया गया सम्मान



**बसना ( समय दर्शन )।** उन्नति शाखा बसना द्वारा डाक्टर्स डे के अवसर पर बसना नगर के डाक्टरों का सम्मान किया गया । 01 जुलाई विश्व डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में अग्रवाल सभा बसना की महिला मंच उन्नति शाखा बसना द्वारा अग्रवाल नर्सिंग होम जाकर सभी डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। जिसमें उन्नति शाखा अध्यक्ष श्रीमती पिंकी अग्रवाल, सचिव श्रीमती सपना अग्रवाल ,शालिनी अग्रवाल और सीमा अग्रवाल उपस्थित थे। मारवाड़ी युवा मंच,उन्नति शाखा ,एवं अग्रवाल सभा बसना द्वारा सदैव विभिन्न विशेष दिवसों मे अपनी सेवा कार्यों से जन मानस व आम जनता को राहत पहुंचाने का कार्य करती है।

### टोल प्लाजा के पास कार को ट्रक ने मारी ठोकर



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना थाना क्षेत्रान्तर्गत के छुईपाली टोल प्लाजा के पास ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त हो गई है। कार सवार ने जैसे ही ब्रेकर पर रफ्तार धीमी की तभी पीछे से आ रही ट्रक ने उसे ठोकर मार दी। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम घरघोडा थाना घरघोडा जिला रायगढ निवासी कैलाश कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि,30 जून को सुबह करीबन 6 बजे वह अपनी कार टाटा नेक्सोन क्र. -ष्टत्र-13,८ ॥ -6255 में अपने भतीजा रविशंकर पटेल के साथ सारंगढ से अपने रिश्तेदार के घर बागबाहरा जाने के लिए निकला था। वाहन को कैलाश चला रहा था। वे सरायपाली से आगे छुईपाली टोल प्लाजा के पास पहुंचे थे। ब्रेकर होने के कारण कैलाश ने कार की रफ्तार धीमी की। इसी दौरान सरायपाली की ओर से आ रही ट्रक क्र. ह्लष्ठ-17, स्न -0579 के चालक ने अपनी वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाया व अचानक ओवरटेक कर कैलाश की गाड़ी को दाहिने साईड से ठोकर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है। हादसे में किसी को चोंट नहीं लगी है। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ भादवि की धारा 279 के तहत अपराध कायम किया है।

### बंसुला स्कूल में मनाया गया अंगना में शिक्षा कार्यक्रम




**बसना (समय दर्शन)।** शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक शाला बंसुला में अंगना में शिक्षा के तहत माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीना सहारे विकासखंड प्रमुख उपस्थित थी। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम प्रभारी सीता साहू द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथि मीना सहारे ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, सभी घर में अपना -अपना कार्य करते हुए बच्चों को खेल -खेल में अध्यापन कराएं और विभिन्न उदाहरण के माध्यम से गतिविधि कराकर काउंटर के द्वारा कार्यक्रम के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व सदस्य चमेली सागर, अमरमोती सागर, पुस्पलता साव, उमा साव, प्रभा साव, कुमारी यादव, भानुमती यादव, और अन्य माताएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीर कुमार बेहेरा प्रधान पाठक, अनिता साहू, सीता साहू, पुस्पंजलि मैडम का विषेष योगदान रहा।

# पाटन नगर में पौधरोपण का कार्य शुरू, सुरक्षा कारणों से लगा रहे बड़े बड़े पौधे

- एसडीएम पाटन ने दिया था पौधरोपण के निर्देश

**पाटन ( समय दर्शन )।** नगर पंचायत पाटन क्षेत्र में बारिश शुरू होते ही पौधरोपण का कार्य शुरू हो गया है। नगर के जो नई सड़क, सीसी रोड बने हुए हैं उनके आसपास रिक्त स्थानों पर पौधे लगाए जा रहे हैं । जहां पर सुरक्षा की दृष्टि से पौधे को बड़े लग रहे हैं साथ-साथ ट्री गार्ड भी लगा रहे हैं । जिससे की पौधे सुरक्षित रहे। बता दे की 3 दिन पहले ही एसडीएम पाटन दीपक कुमार निकुंज ने नगर पंचायत पाटन में नगर के जनप्रतिनिधियों व्यापारियों सहित नगर पंचायत के कर्मचारियों की बैठक संयुक्त रूप से ली थी। जिसमें पौधरोपन को लेकर दिशा निर्देश दिया गया था। इसके बाद अभी वर्तमान में नगर पंचायत के द्वारा पौधरोपण की शुरुआत की गई है। वही जानकारी मिली है कि आगामी दिनों में नगर के व्यापारी संघ सहित जनप्रतिनिधियों के



द्वारा भी खाली जो जगह है वहां पर पौधरोपण किया जाएगा जिससे कि नगर हरा-भरा रहे।

नगर पंचायत पाटन में आज मंगलवार से स्वामी आत्मानंद चौक के सामने ऑडिटोरियम जाने के रास्ते पर जो सीसी रोड बने हैं उनके आसपास पौधरोपण किया गया। इसके बाद स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में रिक्त स्थान पर पौधरोपण किया गया। इसके अलावा बठेना रोड में भी सड़क के किनारे खाली जगह पर पौधरोपण किया गया।। नगर पंचायत के सीएमओ सौरभ बाजपेई ने बताया कि नगर को हरा भरा रखने के लिए पौधरोपण की आज इसकी शुरुआत की गई जिसमें पौधा लगाने का काम शुरू किया गया है। साथ ही साथ उन्होंने अपील किया है कि नगर के व्यापारी व जनप्रतिनिधि भी पौधरोपण में अपनी सहभागिता दें जिससे कि नगर को हर-हर रखने में सब का सहयोग मिल सके।

# राशन दुकान संचालकों में है फूड इंस्पेक्टर का दहशत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर बताई समस्या

- दुकानों में चांवल कम मिल रहा है, पाटन ब्लॉक का मामला

**बलराम यादव**

**पाटन।** पाटन ब्लॉक के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालकों की बैठक पाटन में हुई। जिसमे सभी दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकान की समस्या बताया। लगभग सभी दुकान संचालकों फूड इंस्पेक्टर द्वारा को मनमानी की जा रही है इस बात को प्रमुखता से रखी। इसके अन्य विषय पर भी चर्चा कर विभिन्न करने लिए गए। इसी कड़ी में शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान के संचालकों ने अपनी समस्या से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांसद विजय बघेल के साथ जिला प्रशासन को भी अवगत कराने का निर्णय लिया



हुआ। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो राशन दुकान दार अपनी आईडी लेकर एसडीएम कार्यालय जाएंगे और आईडी जमाकर विरोध दर्ज कराएंगे।

पाटन ब्लॉक शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान संचालकों की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आज दुकान संचालक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात किया। इस दौरान राशन दुकान संचालक संघ के पाटन ब्लॉक अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ओर अन्य सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। राशन दुकान संचलको ने पाटन ब्लॉक में पदस्थ फूड इंस्पेक्टर की शिकायत करते हुए कहा की उनके द्वारा राशन दुकान संचालकों को जबरन परेशान किया जाता है। बताया गया की शिकायत नही होने के बाद भी जबरन का दबाव बनाकर जांच कर परेशान करते है। बना शिकायत जांच के दुकान को निलंबित किए बगैर ही दुकान आबंटन नए सिरे से किए जाने का आदेश निकाल दिया जा रहा हैं जबकि जो दुकान संचालक दुकान चला रहे है उसे अपनी बात रखने का मौका दिया जाना चाहिए। इसके अलावा ट्रांसपोर्टर द्वारा राशन दुकानों में खाद्यान्न दिया जाता है उसमे भी वजन कम रहता हैं । इस विषय पर राशन दुकान संचालकों ने बताया की नागरिक आपूर्ति निगम ओर ट्रांसपोर्टर द्वारा सिर्फ नान के ही धर्म कांटा को मानते है। बाहर के धर्मकांटा से जो कांटा कराते है तो उसे नही मानते। इसके अलाव हाथ कांटा को भी नही मानते। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलने वालो में पाटन ब्लॉक के राशन दुकान संचालक मौजूद रहे।

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वृक्षारोपण







**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रसेन सिंह यादव दिशा-निर्देश एवं समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष इमानवेल सिंह के नेतृत्व में आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। अखिलेश यादव के जन्मदिन पर उनके पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। इस मौके पर सपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों और पूर्व में अखिलेश सरकार के उपलब्धियों को विस्तार से चर्चा की। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष इमानवेल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनके दीर्घायु जीवन साथ ही अच्छे भविष्य व बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। वहीं श्री यादव के जन्मदिन पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मोहारा में शिवनाथ नदी के तट पर स्थित भगवान भोलेश्वर महादेव मंदिर के आसपास बेल, आम एवं आंवला सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के संगठन प्रदेश सचिव मोतीलाल यादव, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती मिनाक्षी वर्मा, महिला जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, जिला प्रमुख महासचिव नायडिस रामटेके, जिला उपाध्यक्ष मन्नू लाल सोनी, जिला सचिव नरेश मरकाम, शहर सचिव ललित साहू सहित सदस्य राजा ठाकुर, हीरावन यादव, केवल यादव उपस्थित थे।

# भगत सिह खेल मैदान में मीना बाजार के विरोध मे भूख हड़ताल



**अभय धृतलहरे**

**पिथौरा ( समय दर्शन )।** बसना विधानसभा के नगर पंचायत पिथौरा के खेल मैदान में रथयात्रा के अवसर पर मीना बाजार संचालन को लेकर भारी विरोध देखा जा रहा है । आपको बता दें कि, जगन्नाथ महाप्रभु जी की रथयात्रा उड़ीसा के साथ ही छत्तीसगढ़ मे भी बडी धूमधाम से मनाया जाता है। इस तारतम्य में आगामी 7 जुलाई को क्षेत्र में महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी जी की रथयात्रा का भक्ति मय आयोजन होना है। इस अवसर पर नगर पंचायत पिथौरा द्वारा मीना बाजार संचालन के लिए शहीद भगतसिंह खेल मैदान को चिन्हान्कित किया है । इसकी सूचना जैसे ही नगर के खेल प्रेमियों को पता चला, आग की तरह सारे शहर व क्षेत्र में यह समाचार फैल गया । खेल प्रेमी इस खेल मैदान में उक्त मीना बाजार संचालन को अन्यत्र लगाने व खेल मैदान में केवल खेल कूद ही संचालित करने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए 02 जुलाई से 07 जुलाई2024 तक पाँच दिवसीय भूख हड़ताल पर पिथौरा नगर के खेल प्रेमी बैठ गये हैं । आपको बताते चले कि,इस भूख हड़ताल को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। अनेक संस्था संगठनों ने भूख हड़ताल स्थल पर पहुँच कर अपना समर्थन प्रदान कर रहे हैं। इस कड़ी मे भाजपा मण्डल अध्यक्ष नरेश सिंघल , समाजसेवी ठाकुर अनंत वर्मा,सीताराम सिन्हा,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंग निषाद,क्रिकेट अकादमी अध्यक्ष लक्ष्मी कान्त सोनी आदि अनेक प्रबुद्ध शहरी व समाज सेवियो द्वारा इस भूख हड़ताल को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है ।

मीना बाजार के लिए खेल मैदान को ही आबंटित करना कितना उचित या अनुचित है,यह विचारणीय तथ्य है। जनभवनाओ का सम्मान करते हुए इसके लिए अन्यत्र स्थान पर मीना बाजार संचालन के लिए नगर पंचायत द्वारा अनापत्ति प्रदान करना चाहिए । इस खेल मैदान में मीना बाजार संचालन होने की खबर का पता चलते ही खेल खिलाडी से जुड़े सभी उम्र के खिलाड़ी कोच एवं उनके पालकों सहित नगर के सैकड़ों प्रबुद्धजन मीना बाजार खेल मैदान में नहीं लगने देने के लिए प्रमुख जनप्रतिनिधियों को मामले की गंभीरता से अवगत कराकर आंदोलन के लिए मैदान में उतर गए है।

**मैदान फिर खराब नहीं होने देंगे - राजेश चौधरी :** उक्त मामले में भाजयुमो नेता राजेश चौधरी ने हमारे संवाददाता को बताया कि, नये खिलाड़ी, अपने सीनियर खिलाडियों के साथ प्रतिदिन इस मैदान में विभन्न खेल सीखने आते हैं। चूंकि अभी खेल का मौसम है और आगामी टूर्नामेन्ट की तैयारी में बहुत बच्चे अलग अलग समय मे यहाँ रोज प्रेक्टिस कर रहे हैं । ऐसी स्थिति में मैदान में मीना बाजार लगा तो मैदान पुन: गड्ढों से भर जाएगा, जिसे बनवाने में महीनों लग जाते है, इसलिए यहां मीना बाजार नही लगने देंगे।

**हाई स्कूल मैदान या अन्यत्र लगाई जावे-अनंत वर्मा :** इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनन्त सिंह वर्मा ने कहा है कि, मीना बाजार विगत अनेक वर्षों से खेल मैदान में नहीं लगाया जा रहा। इस वर्ष उनकी निर्धारित जगह अन्य प्रयोजन के लिए दी गई है तो इसके लिए हाईस्कूल मैदान या अन्यत्र आबंटित किया जा सकता है।

**खिलाडियों का अपमान बर्दाश्त नहीं-देवेश :** पिथौरा नगर पंचायत मे छह बार अध्यक्ष रह चुके भाजपा नेता देवसिंह निषाद ने कहा कि नगर के एक मात्र खेल मैदान को बिकने नहीं देंगे। यहां जानबूझ कर मैदान खराब करने के लिए ही मीना बाजारको 15 दिन के लिए दिया जा रहा है। इसका खमियाजा क्षेत्र के नवोदित खिलाड़ियों को भुगतना पड़ेगा, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में स्थानीय बच्चों ने गलियों व सडकों मे फुटबाल खेल कर इसका विरोध जताने शुरू कर दिये है। गौरतलब हो कि,भगतसिह खेल मैदान के अलावा भगवान जगन्नाथ जी की आगामी रथयात्रा के लिए मीना बाजार का संचालन अन्यत्र जगह करने पूरा नगर अब आंदोलित हो रहा है।

भूख हडताल मे राकेश चौधरी के साथ आकाश अग्रवाल, देवेश निषाद,बबलू सोनी,गोपाल शर्मा, दुर्गे सिन्हा,कौशल कुमार,,बाबा सिकंदर,शैलेन्द्र भोई,अलीन भाई आदि अनेक लोगों ने भूख हड़ताल मे बैठे हैं । अब देखना है नगर पंचायत प्रशासन का इस संबंध में क्या नजरिया है।

# आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए दर्रीघाट में जन-चौपाल



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरपी चौहान के मार्गदर्शन में आज राजमार्गों में आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए जनपद पंचायत मस्तुरी के ग्राम दर्रीघाट में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन-चौपाल में प्रत्येक विभाग के अधिकारियों द्वारा आवारा मवेशियों के प्रबंधन हेतु अपने-अपने सुझाव दिए गए। विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणजनों को दी गई। जिला पंचायत बिलासपुर के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित श्री प्रमिल कुमार लठारे द्वारा पशुपालकों को खुले में अपने मवेशी न छोड़े जाने की अपील की गई। जन चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा ग्राम में निस्तारी हेतु पचरी निर्माण, आवागमन हेतु सड़क निर्माण तथा पूर्व में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित पुल की मरम्मत तथा बड़े वाहनों की आवागमन को रोके जाने हेतु स्टॉपर लगाये जाने की मांग की गई। जन-चौपाल में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें बिलासपुर, उप संचालक कृषि/उद्यान बिलासपुर, बीज निगम एवं जन-मार्कफेड से जिला स्तरीय अधिकारी तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे.सी. भगत, मत्स्य निरीक्षक, एवीएफ्ओ, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारीगण, सरपंच, ग्रामीण, किसान एवं पशुपालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### निधन : गुरप्रीत सिंह लुथरा



**दुर्ग ।** कादम्बरी नगर दुर्गा मंदिर रोड निवासी गुरप्रीत सिंह लुथरा 45 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 जुलाई, बुधवार को सुबह 11 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. एचएस लुथरा के पुत्र और जगप्रीत सिंह लुथरा के छोटे भाई थे।

# गड़बेड़ा विद्यालय में वृक्षारोपण के साथ हुआ शाला प्रवेश उत्सव

- वृक्षारोपण करते हुए प्रकृति के प्रति सजगता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया
- नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंहमीठा करवाते हुए पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया

**पिथौरा ( समय दर्शन )।** शासकीय प्रमोद कुमार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़बेड़ा में हर्षोल्लास से प्रवेश उत्सव एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया ।सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में अतिथियों शिक्षको के करकमलों से वृक्षारोपण करते हुए प्रकृति के प्रति सजगता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से रतनलाल ध्रुव सरपंच, लालाराम अध्यक्ष प्रबंध समिति, गौरव चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि, प्रीतम साहू मंडल अध्यक्ष, भगवान दास योग गुरु, नंदकुमार चौधरी प्राचार्य, रमेश कुमार प्रजापति



व्याख्याता एवम समस्त स्टाफ की उपस्थिति में सभी के द्वारा माता सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंहमीठा करवाते हुए पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। उपस्थित अतिथि ने छात्र छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं देकर संबोधित करते हुये कहा कि हमें अभी से अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसकी प्रतिपूर्ति के लिए अच्छी मेहनत व लगन के साथ सतत प्रयत्नशील रहना होगा। तब जाकर हमें हमारा लक्ष्य प्राप्त होगा। साथ ही विद्यालय के अनुशासन पर विशेष ध्यान देते हुए समय पर विद्यालय आना, साफ सुथरे कपड़े पहनना और हमेशा अपने गुरुजनों के साथ साथ बड़ों का सम्मान करना चाहिए।उक्त आयोजन में विद्यालय के नंदकुमार चौधरी प्राचार्य, रमेश प्रजापति, अनुपमा पीटर, महेश राम पटेल, पुष्पा पटेल, गायत्री सिन्हा, देवनारायण ध्रुव, अनीता नायक, अमिता शुक्ला, मेदिनी कुमार पटेल, तनुजा नागेश, गौरी शंकर पटेल, उमाशंकर नायक, बबीता डडसेना, लक्ष्मी रानी चौधरी, ओम प्रकाश मिश्रा सहित समिति के सदस्य पालक काफी संख्या में उपस्थित थे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26